




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 127 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 06 फरवरी 2026 डाक 07 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**

यूजीसी नियमों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक सदस्य को हिरासत में लिया





**देश-विदेश**

दूध में यूरिया, आईसक्रीम में डिटर्जेंट, राघव चड्ढा ने राज्यसभा में उठाया खाद्य पदार्थों में मिलावट का मुद्दा





**फीचर पेज**

सेब का स्वाद इन भारतीय पकवानों को बना देगा और लजीज, बार-बार खाने का करेगा दिल




# 25 साल अभी बाकी हैं, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों को पीएम मोदी ने बताया 75वें जन्मदिन का किस्सा

**नईदिल्ली 06 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज परीक्षा पर चर्चा की। परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण में पीएम मोदी ने छात्रों के साथ बातचीत की। इस दौरान छात्रों ने पीएम मोदी से कई तरह के सवाल किए। पीएम मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि इंटरनेट सस्ता है, लेकिन इंटरनेट पर अपना किमती समय बिल्कुल भी बर्बाद न करें। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने अपने उम्र का जिक्र करते हुए कहा, अभी मेरे जन्मदिन पर 17 सितंबर को एक नेता ने फोन किया और कहा कि आपके 75 साल हो गए, तो मैंने उसे कहा कि 25 अभी बाकी हैं। मैं बीते हुए को नहीं, बल्कि बचे हुए को गिनता हूं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से एक छात्र ने पूछा- स्किल ज्यादा जरूरी है या मार्क्स इसका जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा, हर चीज में संतुलन होना चाहिए। एक तरफ झुकोगे तो गिरोगे ही गिरोगे। उन्होंने आगे कहा स्किल दो तरीके की होती है पहली लाइफ स्किल और दूसरी प्रोफेशनल स्किल। ऐसे में इन दोनों स्किल पर ध्यान देना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि बिना अध्ययन और ऑब्जरवेशन किए और बिना ज्ञान प्रयुक्त किए कोई भी स्किल आ सकता है क्या। स्किल की शुरुआत तो ज्ञान से ही होती है, उसका महत्व कम नहीं है। पीएम मोदी ने छात्रों से कहा आपके माता-पिता, शिक्षक या सहपाठी कुछ भी कहें लेकिन आपको खुद पर विश्वास होना चाहिए। साथ ही आपको परीक्षा से संबंधित जो कुछ भी सुझाव मिल रहे हैं, उनका विशेष ध्यान भी रखें। पीएम मोदी ने कहा कि शिक्षक का प्रयास रहना चाहिए कि छात्र की स्पीड इतनी है



मेरी स्पीड से एक कदम ज्यादा रहनी चाहिए। हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए, जो पहुंच में हो, लेकिन पकड़ में न हो। हमारे देश में बोर्ड के एग्जाम में नंबर लाने वाले बच्चे छोटे-छोटे गांव से हैं, पहले बड़े परिवार और बड़े स्कूल के बच्चे ही नंबर लाते थे।

अभी कुछ दिन पहले मैं ब्लाइंड क्रिकेट टीम की बच्चियों से मिला, वो जीतकर आई थीं, जब मैंने उनको सुना तो मेरी आंखों में आंसू आ गए। उनके पास घर नहीं है, और वो ब्लाइंड हैं, खेलना सीखा और दिव्यांग होने के बावजूद भी वो यहां तक पहुंची। हमें इस भ्रम में नहीं रहना चाहिये कि कंफर्ट जोन ही जीवन बनाता है, जीवन बनता है, जिंदगी जीने के तरीके से। सपने न देखना एक क्राइम है। सपने देखने ही चाहिए, लेकिन सपनों को गुनगुनाते रहना कभी काम नहीं आता है। इसलिए, जीवन में कर्म को ही प्रधान मानना चाहिए।

## जाने-माने कारोबारी और बिल्डर ने अपार्टमेंट की छठी मंजिल से कूदकर दी जान



**रांची।** रांची के जाने-माने बिल्डर और व्यवसायी अनुराग सरावगी ने मेन रोड स्थित ब्लेयर अपार्टमेंट की छठी मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट से कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से न केवल इलाके में हड़कंप मच गया, बल्कि राजधानी के कारोबारी जगत में भी शोक की लहर दौड़ गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अनुराग सरावगी गुरुवार रात करीब 11 बजे अपार्टमेंट में अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे कूद गए। ऊंचाई से गिरने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। तेज आवाज सुनकर अपार्टमेंट के सुरक्षाकर्मी और स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर पहुंचे, जहां उनका शव पड़ा मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि अनुराग गुरुवार की रात घर पर अकेले थे। उनकी पत्नी और दोनों बच्चे किसी रिश्तेदार के यहां तमिलनाडु गए हैं। अपार्टमेंट में रहने वाले कुछ लोगों ने पुलिस को बताया है कि वह देर रात किसी से मोबाइल पर ऊंची आवाज में बात कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी, कोतवाली डीएसपी समेत वरीय पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। साथ ही फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। ऊंचाई से गिरने के कारण अनुराग का मोबाइल भी चकनाचूर हो गया, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## अगर लोग मना करते हैं तो..., बिहार चुनाव के खिलाफ PK की पार्टी की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की उस रिट याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 को चुनौती दी गई थी और नए चुनाव कराने की मांग की गई थी। जब कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करने में अनिच्छा जताई तो याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट जाने की आजादी के साथ इसे वापस लेने का फैसला किया। ऐसे में सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने याचिका को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया।

## राबड़ी का बयान.. सम्राट का हमला, कहा- सबूत हो तो पेश किजिए, 24 घंटे में होगा एक्शन

**पटना 06 फरवरी।** नीट की तैयारी कर रही छात्रा से जुड़े मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बयान पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष के पास इस मामले से जुड़े कोई ठोस सबूत हैं तो उन्हें सामने लाया जाए, सरकार 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करेगी। राबड़ी देवी ने छात्रा के मामले को लेकर राज्य सरकार और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि बिहार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। राबड़ी देवी के बयान के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई। राबड़ी देवी के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस सरकार को किसी से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी तरह की लापरवाही या अपराध सामने आता है



तो सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। राजनीति करने के बजाय विपक्ष को तथ्यों के साथ बात करनी चाहिए। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार पीड़ित के साथ खड़ी है और जांच एजेंसियां पूरी गंभीरता से काम कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि किसी स्तर पर दोष साबित होता है तो 24 घंटे के भीतर संबंधित लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। कानून-व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। नीट छात्रा से जुड़ा मामला अब कानून-व्यवस्था के साथ-साथ सियासी बहस का विषय बन गया है। विपक्ष जहां सरकार को घेरने में जुटा है, वहीं सरकार त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिला रही है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीतिक बयानबाजी और तेज होने के आसार हैं।

## कोरापुट जिला हुआ नक्सल-मुक्त 5.5 लाख की इनामी महिला माओवादी ने किया सरेंडर

**अनुगुल।** ओडिशा पुलिस को नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की क्षेत्र समिति सदस्य (एसीएम) ममता पोडियामी के आत्मसमर्पण के बाद कोरापुट जिले को औपचारिक रूप से नक्सल-मुक्त जिला घोषित कर दिया गया है। यह सफलता ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद पर निर्णायक प्रहार के रूप में देखी जा रही है। पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाली माओवादी कैडर की पहचान ममता पोडियामी (26) के रूप में हुई है, जिसे मामिता और सोनी के नाम से भी जाना जाता था। वह छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले की रहने वाली है और उस पर 55 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## पंजाब में आप नेता लक्की ओबरॉय की गुरुद्वारा साहिब के पास दिनदहाड़े हत्या

**बदमाशों ने ताबड़तोड़ बरसाई 13 गोलियां**



**जालंधर 06 फरवरी।** जालंधर के मॉडल टाउन में शुक्रवार को दिनदहाड़े आम आदमी पार्टी के नेता लक्की ओबेरॉय की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार लकी ओबेरॉय किसी निजी कार्य से मॉडल टाउन गुरुद्वारा साहिब के पास गए हुए थे। वह अपनी थार गाड़ी में बैठे थे, तभी अचानक कुछ हमलावर वहां पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने बेहद नजदीक से करीब 13 गोलियां चलाईं, जो लक्की ओबेरॉय को लगीं।गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें तुरंत श्री राम स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही शहर के कई राजनीतिक नेता और समर्थक अस्पताल व मौके पर पहुंच गए।

एडीसीपी जयंत पुरी सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इलाके में दहशत का माहौल है।

## सरकार को बैंक कर्मी ने लगाया 27 लाख का चूना, ऐसे हुआ हेराफेरी का उजागर

**मुंगेली, 06 फरवरी [एजेंसी]।**

जिले में सरकारी खजाने में सेंधमारी का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। कलेक्ट्रेट के पर्यावरण अधोसंरचना विकास उपकर खाते से लगभग 26.87 लाख रुपये की हेराफेरी की गई है। इस खुलासे के बाद जिला प्रशासन और बैंक प्रबंधन के बींच हड़कंप मच गया है। यह पूरा मामला सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मुंगेली शाखा का है. अपर कलेक्टर जीएल यादव द्वारा बैंक को जारी नोटिस के बाद यह सच सामने आया कि खाते से हुए लेन-देन कलेक्ट्रेट कार्यालय द्वारा अधिकृत नहीं थे। बैंक ने स्वीकार किया है कि उनके कर्मचारी टिकेश कुमार ने आंतरिक



वाउचर के जरिए अधिकारियों की गोपनीय आईडी का दुरुपयोग कर अनाधिकृत रूप से यह बड़ी राशि निकाली थी।

मामला उजागर होते ही बैंक ने गबन की गई पूरी राशि वापस खाते में जमा करा दी है. आरोपी कर्मचारी का जवाब असंतोषजनक पाए जाने पर उसे निलंबित कर दिया गया है और रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आंतरिक जांच बिठाई गई है। हालांकि, जिला प्रशासन बैंक के इस जवाब से संतुष्ट नहीं है. प्रशासन का मानना है कि शासकीय राशि की सुरक्षा के साथ यह खिलवाड़ एक गंभीर अपराध है और इसमें बैंक प्रबंधन की लापरवाही भी शामिल है।

# 2026 की पहली एमपीसी में नहीं बदला रेपो रेट

**भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर : आरबीआई गवर्नर**



**नईदिल्ली 06 फरवरी [एजेंसी]।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने मॉनेटरी पॉलिसी का एलान कर दिया है और ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। आरबीआई ने फरवरी 2025 से अब तक रेपो दर में कुल 125 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है। फरवरी में आरबीआई की एमपीसी की बैठक बजट 2026-2027 और भारत-अमेरिका ट्रेड डील के बाद हुई है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई अब नियंत्रित दायरे में बनी हुई है, और भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी की दर को 5.50 प्रतिशत पर और स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी की दर को 5.00 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी का ऐलान करते हुए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसमत्ति से फैसला लिया कि वह रेपो दरों को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखेगी, और संभवतः लिक्विडिटी मैनेंजमेंट पर ध्यान केंद्रित करेगी। अर्थव्यवस्था के चालकों पर प्रकाश डालते हुए गवर्नर ने कहा कि कॉरपोरेट प्रदर्शन में सुधार और अनौपचारिक क्षेत्र में निरंतर गति से विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। मांग के मोर्चे पर, ग्रामीण मांग स्थिर बनी हुई है, जबकि शहरी खपत में और वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, गवर्नर मल्होत्रा ने बताया कि हाल ही में संपन्न भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता और संभावित भारत-अमेरिका व्यापार सौदा निर्यात की गति को मजबूत समर्थन प्रदान करेंगे।

## गेम में पिता को बना दिया एनमी: टास्क पूरा करने के लिए बेटे ने रात में गर्दन पर रखा चाकू, नींद खुलने पर बची जान

**कैथल।** यूपी के गाजियाबाद में कोरियन संस्कृति से गहरे लगाव व पारिवारिक विरोध के बीच तीन किशोरियों के सुसाइड के बाद हरियाणा के कैथल से ऑनलाइन गेमिंग की लत से जुड़ा हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक किशोर ने ऑनलाइन गेम का टास्क पूरा करने के लिए अपने ही पिता की गर्दन पर चाकू रख दिया। गनीमत रही कि वार करने से पहले ही पिता की नींद खुल गई और एक बड़ा हादसा बच गया। यह घटना न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। नागरिक अस्पताल के मॉनिटरिंग एंड इवैल्यूएशन ऑफिसर, डिपार्टमेंट ऑफ साइकेट्री, डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि कुछ समय पहले करनाल के बल्ला गांव से अभिभावक अपने बेटे को इलाज के लिए लेकर आए थे। बच्चा एक ऐसे ऑनलाइन गेम का आदी हो चुका था, जिसमें अगले लेवल पर पहुंचने के लिए हिंसक टास्क दिए जाते हैं।गेम के जुनून में बच्चा इतना डूब गया था कि उसे अपने ही लोग दुश्मन नजर आने लगे। गेम में उसे




टास्क दिया गया था कि रात के समय अपने पिता की गर्दन पर चाकू रखना है। इसी के तहत वह आधी रात को उठा और पिता की गर्दन पर चाकू रख दिया। सौभाग्य से उसने वार नहीं किया। काउंसलिंग के दौरान यह भी सामने आया कि बच्चे के माता-पिता के बीच घरेलू हिंसा होती थी, जिसका नकारात्मक असर बच्चे की मानसिक स्थिति पर पड़ा। लगातार काउंसलिंग के बाद बच्चे के व्यवहार में कुछ हद तक सुधार देखा गया। यह न्यूरोट्रांसमीटर है, जिसे फील-गुड या आनंद हार्मोन भी कहा जाता है। यह प्रेरणा, खुशी, ध्यान, स्मृति और शारीरिक गतिविधियों को नियंत्रित करता है। जिले में ऐसे अन्य मामले भी सामने आए हैं, जिनमें बच्चे गेम में हथियार खरीदने या अपने करैक्टर को अपग्रेड करने के लिए घर में चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देने लगे। काउंसलर्स के अनुसार, गेम के दौरान मिलने वाले वर्चुअल रिवार्ड्स बच्चों के दिमाग में डोपामाइन का स्तर बढ़ा देते हैं, जिससे उन्हें सही और गलत का फर्क समझ में नहीं आता।

## सुबह 4.5 तीव्रता आया भूकंप, यहां की धरती हिली

**तिब्बत 06 फरवरी।** तिब्बत में रात करीब 2.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र धरती के 25 किलोमीटर नीचे था, वहीं भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.5 मापी गई है। भूकंप का केंद्र जब धरती के ज्यादा नीचे नहीं होता है तो वह ज्यादा खतरनाक होता है। दरअसल उथले भूकंप में की सीस्मिक तरंगें धरती पर कम दूरी तक जाती हैं जिससे की धरती ज्यादा तेज हिलती है। इससे इमारतों को ज्यादा नुकसान होता है। तिब्बती पठार को भूकंप संभावित क्षेत्रों में रखा गया है। यहां टेक्टोनिक प्लेटों में टकराव होता रहता है। तिब्बत और नेपाल एक बड़ी जियोलॉजिकल फाल्ट लाइन पर हैं और इसलिए यहां अकसर भूकंप आया करते हैं। यूरेशियल प्लेट से टकराने की वजह से अकसर धरती हिल जाती है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# भारत पर कम टैरिफ से घबराया बांग्लादेश अब ट्रंप के साथ यूनुस करने जा रहे सीक्रेट डील

**नईदिल्ली 06 फरवरी [एजेंसी]।**

भारत-अमेरिका ट्रेड डील के बाद बांग्लादेश घबरा गया है। ताजा घटनाक्रम में अमेरिका और बांग्लादेश 9 फरवरी को एक ट्रेड एग्रीमेंट साइन करने वाले हैं। इस डील की शर्तों को लेकर गोपनीयता के कारण इसकी काफी आलोचना हो रही है। बड़ी बात यह है कि बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं और इससे पहले इस सीक्रेट डील की चर्चा हो रही है। भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश ने डील को फाइनल करने की जल्दी की है। ट्रंप ने भारतीय सामान पर टैरिफ घटाकर 18 परसेंट कर दिया गया है। बांग्लादेश को डर है कि अगर वह उतने ही कॉम्पिटिटिव या बेहतर शर्तें हासिल नहीं कर पाता है तो वह भारत से मार्केट शेयर खो देगा। उसकी इकॉनमी बहुत ज्यादा



अमेरिका को रेडीमेड गारमेंट एक्सपोर्ट पर निर्भर करती है। यह उसके अमेरिकी एक्सपोर्ट का लगभग 90 परसेंट है। यह डील अप्रैल 2025 में वाशिंगटन द्वारा ढाका पर 37 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाने के बाद हुई है। जुलाई में टैरिफ पर बातचीत करके इसे 35 प्रतिशत और फिर अगस्त में आखिरकार 20 प्रतिशत कर दिया गया। आने वाले ट्रेड डील से टैरिफ को और कम करके 15 प्रतिशत किए जाने की उम्मीद है।इसके अलावा, 2025 के बीच में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने अमेरिका के साथ एक औपचारिक नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट पर साइन किए, जिसमें सभी टैरिफ और व्यापार बातचीत को गोपनीय रखने का वादा किया गया था। इस एग्रीमेंट का कोई भी ड्राफ्ट न तो जनता, न संसद और न ही प्रमुख इंडस्ट्री स्टेकहोल्डर्स के साथ शेयर किया गया है।इस डील में कई शर्तें हैं। पहली, चीन से इंपोर्ट कम करना और चीन के बजाय अमेरिका से मिलिट्री इंपोर्ट बढ़ाना।

दूसरी, अमेरिकी इंपोर्ट बांग्लादेश में बिना किसी रोक-टोक के आ सकें और दक्षिण एशियाई देश को बिना कोई सवाल उठाए अमेरिकी स्टैंडर्ड और सर्टिफिकेशन को मानना होगा। अमेरिका की गाड़ियों और पार्ट्स के इंपोर्ट के संबंध में कोई इंस्पेक्शन नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि वॉशिंगटन चाहता है कि उसकी गाड़ियों को बांग्लादेश के बाजार में आसानी से एंट्री मिले।प्राइवेट रिसर्च ऑर्गनाइजेशन सेंटर फॉर पॉलिसी डायलॉग के एक जाने-माने फेलो देवप्रिया भट्टाचार्य ने प्रोथोम आलो को बताया कि यह ट्रेड डील पारदर्शी नहीं है, क्योंकि इसके फायदे और नुकसान पर विचार करने का कोई मौका नहीं मिला है।

## पशु औषधालय छुरी का हो रहा संचालन, पशुओं में बीमारी होने पर तत्काल निकटस्थ पशु चिकित्सालय या मोबाइल वेटेरीनरी यूनिट पर करें सम्पर्क

**कोरबा।** पशु औषधालय छुरी का नियमित रूप से संचालन हो रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा बताया गया कि संस्था के सुचारू संचालन हेतु पशु औषधालय दर्री (कटघोरा) के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी श्री जोगेन्द्र चंद्रा (मो. 7987581462) को अतिरिक्त प्रभार प्रदान किया गया है। वे अपने मूल कार्य के साथ-साथ प्रति सप्ताह तीन दिवस नियमित रूप से पशु औषधालय छुरी का कार्य संपादन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में संचालित मोबाइल वेटेरीनरी यूनिट भी संबंधित क्षेत्र में नियमित रूप से सेवाएँ प्रदान कर रही है।उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा बताया गया है कि जिला कार्यालय को अभी तक ऐसी कोई शिकायत या सूचना प्राप्त नहीं हुई है कि क्षेत्र अथवा जिले में किसी भी प्रकार की बीमारी फैलने से पशुओं की मृत्यु हो रही है। यदि भविष्य में ऐसी कोई सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल शिविर आयोजित कर आवश्यक उपचारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिला पशु चिकित्सा विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे पशुओं में किसी प्रकार की बीमारी होने पर तत्काल निकटस्थ पशु चिकित्सालय या मोबाइल वेटेरीनरी यूनिट से संपर्क करें।



## 'महिला शक्ति और वनोपज का सफल संगम, हरिबोल स्व सहायता समूह ने रचा आर्थिक सशक्तिकरण का उदाहरण'

**कोरबा ।** ग्रामीण अंचलों में वनोपज पर आधारित आजीविका सदियों से महिलाओं के जीवन और आर्थिक संरचना का अभिन्न हिस्सा रही है। जंगलों से प्राप्त वनोषधि एवं अन्य वनोपज न केवल पारंपरिक ज्ञान का प्रतीक हैं, बल्कि आज के समय में महिला स्वावलंबन, स्वास्थ्य और सतत रोजगार का मजबूत आधार भी बन रहे हैं। जब संगठित प्रयास, प्रशिक्षण और बाजार से जुड़ाव मिलता है, तब यही वनोपज ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आत्मनिर्भरता और सम्मान का नया अध्याय रचते हैं। इसी सोच को साकार करता हुआ एक सशक्त उदाहरण है डोंगानाला का हरिबोल स्व सहायता समूह है, वर्ष 2006-07 में यूरोपियन कमीशन परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत इस पहल के माध्यम से गठित हरिबोल स्व सहायता समूह ने आज महिला सशक्तिकरण की एक सफल मिसाल कायम की है। 12 महिला सदस्यों से युक्त यह समूह वनौषधि प्रसंस्करण केंद्र, डोंगानाला का सफल संचालन कर रहा है, जहां कच्ची वनौषधियों का संग्रहण, वैज्ञानिक पद्धति से प्रसंस्करण एवं विपणन किया जाता है। समूह की महिलाएं स्वयं जंगलों से कच्ची वनौषधि एकत्र कर, निर्धारित घटक मात्रा के अनुसार प्रसंस्करण कार्य करती हैं।

प्रसंस्करित वनौषधियों की मांग स्थानीय स्तर के साथ-साथ प्रदेश स्तर पर भी निरंतर बनी हुई है। समूह द्वारा उत्पादित वनौषधियों का विक्रय एन.डब्ल्यू.एफ.पी. मार्ट बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, कांकेर, अंबिकापुर, जगदलपुर सहित संजीवनी केंद्र केवची (कटघोरा) एवं कोरबा में किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रसंस्करण केंद्र में नियुक्त वैद्य द्वारा स्थानीय एवं आसपास के क्षेत्रों के 1500 से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है, जिनमें वातरोग, बवासीर, पथरी, उदररोग, बांझपन, सिरदर्द, ज्वर, चर्मरोग, लकवा, टीबी, सफेद पानी सहित अनेक रोग शामिल हैं। महिलाओं द्वारा हिंगवाष्टक चूर्ण, अजमोदादि चूर्ण, अश्वगंधादि चूर्ण, सितोपलादि चूर्ण, अविपत्तिकर चूर्ण, बिल्वादि चूर्ण, पुष्यानुग चूर्ण, त्रिफला चूर्ण, पंचसम चूर्ण, शतावरी चूर्ण, आमलकी चूर्ण, पायोकिल (दंतमंजन), सर्दी-खांसी नाशक चूर्ण, हर्बल कॉफी चूर्ण, महिला मित्र चूर्ण, हर्बल मधुमेह नाशक चूर्ण, हर्बल फेसपैक चूर्ण तथा हर्बल केशपाल चूर्ण का निर्माण किया जा रहा है।

आर्थिक दृष्टि से हरिबोल स्व सहायता समूह ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्तमान में समूह द्वारा 20.52 लाख रुपये की वार्षिक आय अर्जित की जा रही है तथा प्रतिवर्ष लगभग 50 लाख रुपये की वनौषधियों का विक्रय किया जाता है। इससे प्रत्येक सदस्य को औसतन 1.71 लाख रुपये प्रति वर्ष की आमदनी प्राप्त हो रही है। बीते दो वर्षों में समूह का विक्रय एवं लाभ दोनों दोगुने हुए हैं, जहां पूर्व में वार्षिक लाभ 10.68 लाख रुपये था, जो वर्तमान में बढ़कर 20.52 लाख रुपये हो गया है।

वन मंडलाधिकारी कटघोरा श्री कुमार निशांत ने बताया कि यह वनौषधि प्रसंस्करण केंद्र समूह से जुड़ी महिलाओं को स्थायी रोजगार, आत्मनिर्भरता और आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है। महिलाएं अपनी आय से बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य उपचार, घरेलू आवश्यकताओं एवं त्यौहारों के खर्चों को सहजता से पूरा कर रही हैं। समूह की महिलाएं मासिक अंशदान के माध्यम से आपसी सहयोग, ऋण व्यवस्था और सामाजिक सहभागिता को भी मजबूत कर रही हैं।हरिबोल स्व सहायता समूह की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है। वर्ष 2008 में फिलिप्स बहादुरी पुरस्कार प्राप्त करने के साथ ही भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन संघ (ट्राइफेड), भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020-21 में वनधन विकास केंद्र, डोंगानाला को राष्ट्रीय स्तर पर अधिकतम प्रकार के वनोत्पाद निर्माण एवं विपणन हेतु प्रथम पुरस्कार तथा अधिकतम विक्रय हेतु द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा द्वारा प्रदान किया गया।हरिबोल स्व सहायता समूह की यह सफलता इस बात का सशक्त प्रमाण है कि जब महिलाओं की पारंपरिक जानकारी को आधुनिक प्रसंस्करण और विपणन से जोड़ा जाता है, तब वनोपज न केवल आजीविका का साधन बनते हैं, बल्कि ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव भी तैयार करते हैं।

## श्याम भजन महोत्सव में पहुंचे पूर्व मंत्री

**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बांकीमोंगरा में आयोजित श्री खाटु श्याम भजन महोत्सव के कार्यक्रम में पहुंचकर खाटु नरेश श्री श्याम बाबा के भव्य श्रृंगार दर्शन किया और विधिवत् पूजा अर्चना कर कोरबा जिलावासियों के लिए सुख - समृद्धि, अमन - चैन, वैभव - ऐश्वर्य हेतु मंगलकामना की । इस मौके पर श्री अग्रवाल ने कहा कि इन दिनों देश भर के विभिन्न स्थानों पर श्री खाटु श्याम भजन महोत्सव का भव्य आयोजन हो रहा है।

# दो साल के कार्यकाल में हर क्षेत्र में प्रदेश की हालत खराबः चरणदास

## छत्तीसगढ़ में अडानी के लिए स्थान बनाया जा रहा है



**कोरबा।** नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने आज यहां कहा कि भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल में प्रदेश की हालत हर क्षेत्र में खराब हो गई है। धान खरीदी से लेकर कानून व्यवस्था तक में सरकार का नियंत्रण नहीं दिख रहा है। धान खरीदी के दौरान किसान अभी भी धान नहीं बेच सके हैं। वहीं प्रदेश के कई हिस्सों में आपराधिक घटनाएं बढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छत्तीसगढ़ में अडानी के लिए स्थान बनाने जा रही है।
श्री महंत तिलक भवन प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हीरा सोना जैसी खनिज संपदा है उसे अभी क्यों निकाला जा रहा है। बस्तर को दोहन करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में सरकार का नियंत्रण नहीं है। वहीं धान खरीदी में सरकार की नीतियों से किसान परेशान हो गए हैं। सैकड़ों किसान अभी भी अपना धान नहीं बेच सके हैं। बस्तर से सरगुजा तक विस्थापन का दौर चल रहा है। धान खरीदी से लेकर सरकारी विभागों में भर्ती में जिस तरह से गड़बड़ियां हुई है उससे यह साबित होता है कि सरकार कार्य नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि बेशक मुख्यमंत्री व्यक्तिरुप से अच्छे हैं लेकिन उन्हें कौन चला रहा है उसको तलाश करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है एक तरफ वह हिन्दुत्व की बात करती है तो दूसरी तरफ शंकराचार्य का अपमान करती है। श्री महंत ने कहा कि हर क्षेत्र में गड़बड़ियां हो रही है। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में ही धान खरीदी में गड़बड़ियां हो रही है। पूरे प्रदेश में कहीं सत्यापन के नाम पर पैसा मांगा जा रहा तो कहीं बैंक से पैसा निकालने के नाम पर पैसे की मांग की जा रही है। मनरेगा के संबंध में श्री महंत का कहना था कि कांग्रेस मनरेगा के मुद्दे पर संघर्ष कर रही है। मनरेगा में जो प्रावधान थे वो बेहतर थे। कोरबा में भाजपा कार्यालय के निर्माण को लेकर उन्होंने कहा कि 2 साल में भाजपा ने पर्याप्त उगाही की है जिससे बड़ा भवन बनाया जा रहा है। एसआईआर कार्यक्रम में विशेष संप्रदाय के नाम काटे जाने की जानकारी देते हुए महंत ने कहा कि हर बूथ में 200 नाम काटने के ऊपर से निर्देश दिए गए हैं और भाजपा कार्यकर्ता नाम कटवा रहे हैं। प्रदेश में विपक्ष की भूमिका संबंधी सवाल पर श्री महंत का कहना था कि विपक्ष पूरी तरह संगठित है। सरकार के सत्ता में आने के बाद एक साल शांत रहे उसके कार्यकाल को देखने के लिए और अब विपक्ष संगठित होकर सरकार के विरोध में है। सभी को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश में 4-5 कांग्रेसी नेताओं को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। जो अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी से कर रहे हैं। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के राहुल गांधी से मिलने के सवाल पर श्री महंत ने कहा कि श्री अग्रवाल ने राहुल गांधी से सौजन्य मुलाकात की है। वह एक सौम्य और अच्छे नेता हैं। पार्टी के अंदर वह अपनी बातों को और जनहित के मुद्दों को उठाते रहते हैं। श्री अग्रवाल के कांग्रेस प्रवेश संबंधी सवाल को उन्होंने एक सिरे से खारिज कर दिया। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश राठौर, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज चौहान, हरीश परसाई उपस्थित थे।

## कोरबा की सड़कों पर ध्वनि आतंक! पटाखे जैसी आवाज वाले साइलेंसरों से जनता त्रस्त

**कोरबा।** शहर में रॉयल एनफील्ड सहित अन्य दोपहिया वाहनों में अवैध रूप से बदले जा रहे साइलेंसरों से उत्पन्न हो रही तेज ध्वनि और पटाखे जैसी आवाज आम नागरिकों के लिए सिरदर्द ही नहीं, बल्कि सीधा जानलेवा खतरा बनती जा रही है। सड़कों पर चलना अब आम लोगों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। इस बढ़ते 'ध्वनि आतंक' पर प्रशासनिक निष्क्रियता को लेकर शहर के वरिष्ठ प्रतिष्ठित अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने कड़ा ऐतराज जताते हुए तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है।अधिवक्ता सिंह ने बताया कि अवैध साइलेंसरों से निकलने वाला घना धुआँ पीछे चल रहे राहगीरों और दोपहिया चालकों के सीधे चेहरे पर पड़ता है, जिससे आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ और असहजता पैदा हो रही है। वहीं अचानक होने वाली पटाखे जैसी तेज आवाज से पीछे चल रहे वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।



उन्होंने कहा कि इस ध्वनि प्रदूषण से छात्र, महिलाएं, बुजुर्ग एवं मरीज सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। यह न केवल मोटर वाहन अधिनियम और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के जीवन और स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। इसके बावजूद शहर में खुलेआम ऐसे साइलेंसर लगाए जा रहे हैं और उन्हें बेचने-लगाने वाली दुकानों पर प्रभावी कार्रवाई का अभाव साफ नजर आ रहा है।वरिष्ठ अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने जिला प्रशासन और यातायात पुलिस से कड़ी मांग करते हुए कहा कि—

अवैध रूप से बदले गए साइलेंसरों पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए,ऐसे साइलेंसर बेचने एवं लगाने वाली दुकानों पर छापेमारी की जाए,नियमित वाहन जांच अभियान चलाकर नियम उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना और वाहन जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते सख्ती नहीं दिखाई, तो शहर में ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाओं की घटनाएं और बढ़ेंगी, जिसकी जिम्मेदारी सीधे तौर पर संबंधित विभागों की होगी।जनहित और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहरवासियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि 'तेज आवाज वाले साइलेंसरों पर तत्काल प्रतिबंध' लगाया जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर कोरबा की सड़कों को सुरक्षित बनाया जाए।

## जिले में 800 युवा आपदा मित्रों को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

**कोरबा।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'युवा आपदा मित्र योजना' के अंतर्गत जिला प्रशासन कोरबा द्वारा इस वर्ष बड़े पैमाने पर युवाओं को प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

जिले की औद्योगिक संवेदनशीलता और स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं, जैसे सर्पदंश, डूबने की घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए केंद्र शासन ने इस वर्ष प्रशिक्षित होने वाले आपदा मित्रों की संख्या बढ़ाकर 800 कर दी है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य से इस योजना के क्रियान्वयन हेतु केवल चार जिलों कोरबा, रायपुर, सुकमा और राजनांदगांव का चयन किया गया है।कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार, वर्ष 2026 के लिए विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से कुल 800 स्वयंसेवकों को तैयार किया जाएगा। इसमें एन.सी.सी. से 350, एन.एस.एस. से 150, एन.वाई.के.एस. से 150 तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स से 150 युवाओं का चयन कर उन्हें आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे।

# भूमि का किया गलत सीमाकंन राजस्व विभाग के तीन अधिकारी गिरफ्तार

**कोरबा-बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के बहुचर्चित भूमि सीमांकन घोटाले में पुलिस ने आठ साल बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग के तीन जिम्मेदार अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारियों को कटघोरा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जमानत के अभाव में उन्हें उपजेल कटघोरा भेज दिया गया। इस कार्रवाई से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, बांकी चौक मुख्य मार्ग पर स्थित रामकरण अग्रवाल की भूमि पर दिनेश अग्रवाल सहित 13 अन्य व्यापारियों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया था। पीड़ित रामकरण अग्रवाल ने कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर भूमि का नाप-सीमांकन जिला स्तरीय टीम से कराए जाने की मांग की थी।
कलेक्टर के निर्देश पर 03 मार्च 2016 को भू-अभिलेख अधीक्षक जे.पी. सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारियों की एक टीम बांकीमोंगरा पहुंची। पीड़ित पक्षकार एवं क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में विवादित भूमि का विधिवत सीमांकन किया गया, जिसमें अवैध कब्जेदारों के नाम एवं कब्जे का रकबा स्पष्ट रूप से सीमांकन प्रतिवेदन में दर्ज किया गया। सीमांकन के बाद सभी पक्षकारों के हस्ताक्षर भी लिए गए।आरोप है कि सीमांकन प्रतिवेदन तैयार होने के बाद पीड़ित पक्षकार ने अपने मोबाइल से उसकी तस्वीर ले ली थी। बाद में सीमांकन दल पर यह आरोप लगा कि प्रभावशाली कब्जेदार के संपर्क में आने के बाद सीमांकन प्रतिवेदन में छेड़छाड़ कर अवैध कब्जे का दर्ज रकबा शून्य कर दिया गया, जिससे एक पक्ष को अनुचित लाभ पहुंचाया जा सके।जब पीड़ित को नकल शाखा से सीमांकन प्रतिवेदन की प्रति प्राप्त हुई, तो मौके पर तैयार प्रतिवेदन और नकल शाखा से मिली प्रति में स्पष्ट अंतर पाया गया। इसके बाद पीड़ित ने सीमांकन दल और कब्जेदारों के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत दी।जांच में कूट रचना की पुष्टि होने पर वर्ष 2018 में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बांकीमोंगरा थाना में आरोपियों के विरुद्ध धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। उस समय भू-अभिलेख अधीक्षक जे.पी. सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, लेकिन अन्य आरोपियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी।लगातार आठ वर्षों तक शेष आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यथित होकर पीड़ित पक्षकार ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से उच्च न्यायालय बिलासपुर में रिट याचिका दायर की। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद पुलिस ने अब जाकर कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग के तीन अन्य अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।इस प्रकरण में अब भी कुछ आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि बांकीमोंगरा पुलिस शेष आरोपियों की गिरफ्तारी कब तक करेगी। फिलहाल पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे राजस्व विभाग में खलबली मची हुई है

## पाली महोत्सव हेतु रूचि की अभिव्यक्ति 10 फरवरी तक आमंत्रित

**कोरबा ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव 2026 (सामुदायिक आदिवासी कला, हस्तशिल्प एवं सांस्कृतिक प्रोत्साहन) कार्यक्रम का 15 एवं 16 फरवरी को विकासखंड पाली के ग्राम केराझरिया में किया जायेगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।पाली महोत्सव 2026 में कोरबा जिले के प्रतिष्ठित/खाति प्राप्त सांस्कृतिक कलाकार जो देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, शास्त्रीय संगीत एवं गायन के अंतर्गत अपनी प्रस्तुत देना चाहते हैं

## ढोढ़ीपारा में अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर, हुडदंग करने वाली अतिक्रमणकारी महिला को काबू में किया महिला सुरक्षा बल ने

### दी कड़ी हिदायत - दोबारा ऐसा किया तो, अतिक्रमण तो हटेगा ही, वैधानिक कार्यवाही भी होगी

**कोरबा ।** अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने के लिए निगम द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पर विघ्न डालने वाले व हुज्जतबाजी कर '' पहले चोरी-फिर सीना जोरी '' की कहावत को चरितार्थ करने वालों से नगर निगम की अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ता टीम सख्ती के साथ निपट रही है। आज ढोढ़ीपारा में अतिक्रमण हटाने के दौरान निगम कर्मचारियों के साथ अभद्रता व हुडदंग करने वाली अतिक्रमणकारी महिला को महिला सुरक्षा बल ने सख्ती के साथ काबू में किया तथा कड़ी हिदायत दी कि यदि कार्यवाही के दौरान दोबारा विघ्न पैदा किया जाता है तो अतिक्रमण तो हटेगा ही, साथ ही वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र के अंतर्गत शासकीय भूमियों, निगम की जमीनों व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण अवैध कब्जा करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया जा रहा है, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम में एक सशक्त अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ता टीम का गठन कर क्षेत्र में किए जा रहे अवैध कब्जों व अतिक्रमण को हटाने की कमान निगम के उपायुक्त श्री नीरज कौशिक को दी है, उपायुक्त श्री कौशिक की अगुवाई में निगम की यह टीम क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध कब्जों व अतिक्रमण पर कड़ी नजर रखते हुए उन्हें हटाने की निरंतर कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण व अवैध कब्जा हटाने के दौरान प्रायः ऐसे वाकये सामने आते हैं कि अतिक्रमणकारी निगम की कार्यवाही में विघ्न-बाधा उपस्थित करते हैं, टीम के साथ हुज्जतबाजी करते है तथा उनका मानना रहता है कि वे ऐसा करके अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को रोक देंगे एवं उनका अवैध कब्जा बरकरार रहेगा, किन्तु उनका यह भ्रम पालना ठीक नही है, अब निगम की टीम ऐसे लोगों से सख्ती से निपट रही है, निगम की उड़नदस्ता टीम के साथ पुरूष सुरक्षा बल के साथ महिला सुरक्षा बल भी तैनात रहती हैं, जो कार्यवाही में विघ्न-बाधा पैदा करने वाली महिला सदस्यों को भी सख्ती के साथ काबू में करने का कार्य करती हैं।
ढोढ़ीपारा में चला निगम का बुलडोजर
सीएसईबी-दर्री मुख्य मार्ग पर स्थित ढोढ़ीपारा बस्ती में आज निगम का बुलडोजर चला। ढोढ़ीपारा बस्ती में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र के बगल के घर में, घर के सामने बीम कालम खड़ाकर व छज्जे का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए निगम के अतिक्रमण निरोधी उड़नदस्ते की टीम ने कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को तोड़ा, कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण करने वाली महिला ने टीम के सदस्यों के साथ अभद्रता की तथा हुडदंग करते हुए कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास किया, जिस पर मौके में उपस्थित महिला सुरक्षा बलों ने सख्ती के साथ कार्यवाही करते हुए महिला को काबू में किया, साथ ही कड़ी हिदायत दी कि यदि दोबारा कार्यवाही में विघ्न उपस्थित किया जाता है तो अतिक्रमण तो निश्चित रूप से हटेगा ही, साथ ही वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी।अतिक्रमण न करें, कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचेआयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में कहीं पर भी शासकीय व निगम की जमीनों, सार्वजनिक स्थलों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण व अवैध कब्जा न करें, निगम की अतिक्रमण निरोधी टीम इस पर लगातार कड़ी नजर रख रही है तथा निरंतर अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही भी कर रही है, अतः कार्यवाही के दौरान होने वाली असुविधा से बचने हेतु अवैध कब्जे का प्रयास न करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अतिक्रमण निरोधी दस्ते को निर्देशित करते हुए पुनः कहा है कि वे सतत रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें तथा जहाँ कहीं भी अवैध कब्जा व अतिक्रमण दिखाई दें, उसे हटाये तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कहीं भी नया अतिक्रमण न होने पायें। उन्होने निगम के जोन कमिश्नरों व मैदानी अधिकारी कर्मचारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में नये अवैध कब्जे व अतिक्रमण पर सतर्क नजर रखें, यदि कहीं भी अतिक्रमण किया जा रहा है, तो उसकी त्वरित सूचना अतिक्रमण निरोधी दस्ते को दें।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 36 घंटे के भीतर 04 सफल प्रसव : गुणवत्त्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धि



**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में मातृमृत्यु एवं शिशुमृत्यु रोकने गर्भवती महिलाओं का गुणवत्तापूर्ण संस्थगत प्रसव कराने लगातार निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में कटघोरा विकासखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाई बाजार में 36 घंटे के भीतर कुल 04 गर्भवती महिलाओं (श्रीमती शांति, पति श्री संदीप ग्राम अंण्डीकछार, श्रीमती प्रीति पति श्री अमर ग्राम रलिया, श्रीमती कोमल पति श्री मुनीश ग्राम रिस्दी, सकीना पति श्री संजय ग्राम उंमेदी भाठा) का सामान्य प्रसव कराया गया । इन गर्भवती महिलाओं में श्रीमती प्रीति ऋद्ध- थी। प्रसव उपरांत सभी जच्चा और बच्चा पूर्णतः स्वस्थ हैं। उन्हे आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल प्रदान किया जा रहा है। परिजन अपने घर के पास ही गुणवत्ता पूर्ण सामान्य प्रसव की सुविधा मिलने से प्रशन्न है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिलाईबाजार में 24×7 प्रसव की सुविधा उपलब्ध है। यहॉ प्रतिमाह औसतन 15 से 20 सामान्य प्रसव कराया जा रहा है। माह अप्रेल 25 से फरवरी 2026 तक 194 सामान्य प्रसव कराया गया है। उन्होने कहा कि प्रा.स्वा.केन्द्र भिलाई में सामान्य प्रसव होना अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा दी जा रही प्रसव पूर्व जॉच, देखभाल एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का परिणाम है। जिससे स्थानीय लोगों का सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर भरोसा बढा है।
कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने स्वास्थ्य केन्द्र भिलाईबाजार में 36 घंटे में 04 सामान्य संस्थागत प्रसव होने पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.रश्मि कंवर भिलाई बाजार के चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि भविष्य में भी ऐसी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना जारी रखें तथा जिले के नागरिकों से आग्रह किए हैं कि वे गर्भवती महिलाओं का प्रसव निकतम शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में करावें जिससे जच्चा, बच्चा दोनों सुरक्षित रह सकें।

## पूर्वजों की अस्थियों और आस्था पर प्रहार, प्रभावित ग्रामीणों ने दी SECL गेवरा क्षेत्र में अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**गेवरा कोरबा।** एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र और पी.एन.सी. कंपनी की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर ग्राम-नराईबोध एवं मनगाँव के ग्रामीणों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है ग्रामीणों ने प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए घोषणा की है कि यदि उनकी माँगें पूरी नहीं हुईं तो 10 फरवरी 2026 से कोयला उत्पादन और परिवहन पूरी तरह ठप्प कर दिया जाएगा ।ग्रामीणों का आरोप है कि पी.एन.सी. कंपनी के कर्मचारियों ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनके पुश्तैनी गाँवों की भूमि पर खनन कार्य शुरू कर दिया इस प्रक्रिया में न केवल उनकी जमीन प्रभावित हुई बल्कि उनके पूर्वजों की अस्थियों मठों और पवित्र धार्मिक स्थलों को भी भारी नुकसान पहुँचाया गया है ग्रामीणों ने इसे अपनी आस्था और संस्कृति पर सीधा प्रहार बताया है । उचित मुआवजा:- मृतकों के परिजनों को कंपनी की नीति के अनुसार किराया-भाड़ा सहित त्वरित मुआवजा राशि का भुगतान. वैकल्पिक रोजगार:- भूमि अर्जन के बदले ग्राम-नराईबोध के प्रभावित निवासियों को सम्मानजनक वैकल्पिक रोजगार ।मठों का संरक्षण:- क्षतिग्रस्त किए गए मठों और धार्मिक स्थलों के सम्मान की बहाली ।ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक और एस.ई.सी.एल. प्रबंधन को लिखित शिकायत सौंपी है ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रख रहे हैं लेकिन प्रबंधन की अनदेखी ने उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर कर दिया है ।
अगर 10 तारीख तक हमारी जायज मांगों पर कार्रवाई नहीं होती तो गेवरा क्षेत्र में कोयला खदानों का चक्काजाम कर दिया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और कंपनी की होगी ।



## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर, अटल नगर के निर्देशानुसार जिले में 10 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि उक्त आयोजन हेतु प्राप्त कुल 141 आवेदनों की प्रारंभिक पात्रता सूची तैयार की गई है। सूची के अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी जोड़े की पात्रता, आयु या अन्य वैधानिक तथ्यों के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वे 09 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे तक साक्ष्यों सहित लिखित आवेदन कार्यालयीन समय में कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला जांजगीर-चांपा में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रारंभिक सूची का अवलोकन जिले की वेबसाइट https://janjgir-champa.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटल पर कर सकते है।

## श्रीमती संध्या पाठक का निधन

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर शहर के वार्ड क्रमांक के निवासी एवं शहर के प्रतिष्ठित नागरिक अजय पाठक की धर्मपत्नी श्रीमती संध्या पाठक का 4 फरवरी दिन बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह आयुष पाठक की माता थी। स्वर्गीय श्रीमती संध्या पाठक स्थानीय विवेकानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षिका थी। उनके निधन से शहर में शोक की लहर है। स्वर्गीय श्रीमती संध्या पाठक अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री बिलखते छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय रानीपार मुक्तिधाम मे कल 5 फरवरी को किया गया। उनके शव को पुत्र आयुष पाठक द्वारा मुखाग्नि दी गई। उनके अंतिम यात्रा में बहुतायत संख्या में स्वजाति है लोगों के अलावा विभिन्न समाज के लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।



### सर्वसम्बंधित सूचना

गोवर्धन लाल शर्मा ग्राम-मदनपुर, तहसील-बलोदा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के खसरा क्रमांक-4 एवं 9/6, के रकबा 0.805 हेक्टर में 25950 टन प्रतिवर्ष उत्खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण (छ.ग.) से पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 24.12.2025 को प्राप्त हो गई हैं। पर्यावरण स्वीकृति पत्र की प्रतिया सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। इसका अवलोकन एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के वेबसाइट parivesh.nic.in में किया जा सकता हैं।

**प्रेषक**
**गोवर्धन लाल शर्मा**

## पोड़ीदलहा गांव में धार्मिक स्थल से सामानों की चोरी, आरोपी पकड़ाया

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पोड़ीदहला गांव स्थित बुड़हीन दाई मंदिर में 10 तोला चांदी के दो मुकुट चोरी करने के आरोप में 18 वर्षीय राहुल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। यह घटना कोटमीसोनार सहायता केंद्र चौकी क्षेत्र की है।



चौकी प्रभारी राजेंद्र क्षत्रिय (एएसआई) ने बताया कि 1-2 फरवरी की मध्यरात्रि को बुड़हीन दाई मंदिर का ताला तोड़कर दो चांदी के मुकुट चोरी किए गए थे। चोरी हुए मुकुट का वजन लगभग 10 तोला है।अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक व्यक्ति मंदिर में चोरी करते हुए दिखा। उसकी पहचान गांव के राहुल कुमार के रूप में हुई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर राहुल को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी राहुल कुमार ने बताया कि उसके पास मोबाइल खरीदने के लिए पैसे नहीं थे, इसलिए उसने मंदिर से चांदी के मुकुट चुराए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए चांदी के मुकुट और घटना में इस्तेमाल किया गया सबल (रॉड) बरामद कर लिया है।

## 8वीं की छात्रा ने फांसी लगाई

**जांजगीर-चांपा।** जिले के कुथूर गांव में 8वीं कक्षा की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा अपने नाना-नानी के घर रहकर पढ़ाई कर रही थी। आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र की है। मृतक छात्रा की पहचान अंजलि पटेल (14) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से सिल्ली गांव की निवासी थी।

# सभी किसानों की धान खरीदने के लिए दबाव बनाने दिया धरना

**जांजगीर।** सरकार द्वारा दो दिनों तक धान खरीदी का निर्णय लिया गया था, लेकिन पहले ही दिन धान खरीदी के दौरान विवाद की स्थिति बन गई। कई खरीदी केंद्रों में भौतिक सत्यापन कराए गए किसानों से धान लिया गया, जबकि जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम खोखरा धान खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था और विवाद देखने को मिला।



किसानों ने आरोप लगाया कि धान उपलब्ध होने के बावजूद उनसे खरीदी नहीं की जा रही है। इससे नाराज किसानों ने खरीदी केंद्र के सामने विरोध प्रदर्शन किया। सुबह करीब 18 से 20 किसान खरीदी केंद्र के गेट के सामने धरने पर बैठ गए और केंद्र के अंदर लोगों की आवाजाही रोक दी। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे किसानों का कहना था कि उनका धान पहले ही सत्यापित हो चुका है, इसके बावजूद खरीदी नहीं की जा रही है। किसानों के अनुसार शासन ने धान बेचने के लिए केवल दो दिनों का समय निर्धारित किया है, लेकिन केंद्र में अव्यवस्था के कारण उनका धान नहीं लिया गया। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए खरीदी केंद्र में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगानी पड़ी।

तहसीलदार के साथ किसानों की हुई बहस सूचना मिलने पर जांजगीर तहसीलदार आरके मरावी मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान तहसीलदार और किसानों के बीच तीखी बहस भी हुई। किसानों भड़क गए। किसानों ने कहा कि यदि धान नहीं बिकेगा तो बैंक से लिए गए केसीसी ऋण को कैसे चुकाया जाएगा। धान नहीं बिकने की स्थिति में उनकी आर्थिक परेशानी और गहराने की आशंका है।

किसानों को समझाया है ट्तहसीलदार आरके मरावी ने बताया कि खरीदी केन्द्र के सामने करीब 10 से 15 किसान प्रदर्शन कर रहे थे। उन्हें समझाया गया है। कई किसानों का पूर्व में पीवी एप में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। नियम अनुसार किसानों से धान खरीदी होने की जानकारी दी गई है।

तीन श्रेणियों के किसान से धान खरीदी करने का निर्देश जारी हुआ था। किसानों से धान लेने के लिए आज अंतिम दिन है। इसके बाद खरीदी नहीं की जाएगी।

## दादर में पुलिस की रेड, लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जांजगीर-कचंदा।** कचंदा जांजगीर-चांपा मार्ग पर रविवार रात हुई लूट और मारपीट की घटनाओं में घायल अमन कुमार बंजारे की गुरुवार को बिलासपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। सलखन-कचंदा मोड़ पर तीन बाइक सवार आरोपियों ने अमन और सुमित बंजारे से मारपीट कर मोबाइल लूट लिया था। घायलों को पामगढ़ स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में बिलासपुर रेफर किया गया। घटना के तीन दिन बाद 14 हमले और लूट की वारदातों में शामिल गिरोह का मुख्य आरोपी रामनाथ सबरिया (21) बोड़सरा बस्ती टावर के पास छिपा मिला। पुलिस ने घेराबंदी कर आत्मसमर्पण का अवसर दिया, लेकिन आरोपी ने कट्टे से फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जिससे आरोपी घायल होकर हथियार फेंक कर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घायलों में मुकेश रायसागर, लक्ष्मण यादव और दीपक कुमार कश्यप का इलाज चल रहा है। हमले में अनिकेत रायसागर, आर्यन बंजारे, सुमित बंजारे सहित पांच अन्य कचंदा निवासी भी शामिल हैं।

## लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के पद पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत जिला, जनपद पंचायत के रिक्त पद लेखा सह एम.आई.एस. सहायक का पद संख्या-01 (अन्य पिछड़ा वर्ग-मुक्त) की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि प्राप्त आवेदन पत्रों का छानबीन समिति द्वारा जांच उपरांत पात्र, अपात्र सूची जारी किया गया है। जिसका दावा-आपत्ति 20 फरवरी 2026 कार्यालयीन सायं 5 बजे तक आमंत्रित किया गया है। उक्त पात्र, अपात्र सूची जिला पंचायत-जांजगीर-चांपा के सूचना-पटल एवं जिला पंचायत के वेबसाइट www.janjgir-champa.gov.in एवं योजना के वेबसाइट www.bihan.gov.in पर देखा जा सकता है।

# गांव-गांव में किया जा रहा वीबी जी राम जी योजना का प्रचार-प्रसार

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में वीबी जी रामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण श्रमिकों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं ग्राम पंचायतों में योजना के तहत डबरी निर्माण, तालाब गहरीकरण, सड़क, जल संरक्षण एवं अन्य श्रम आधारित कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। योजना के तहत आयोजित प्रचार-प्रसार एवं संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया कि यह योजना ग्रामीण भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों की रोजगार गारंटी, समय पर मजदूरी भुगतान एवं स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।



कार्यक्रम में बताया गया कि वीबी जी रामजी योजना, पूर्व की मनरेगा योजना का विस्तार करते हुए ग्रामीण श्रमिकों को अधिक रोजगार, बेहतर आय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है। समयबद्ध मजदूरी भुगतान से श्रमिकों का शासन पर विश्वास बढ़ा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। जनपद पंचायत अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आईआईसी गतिविधि के माध्यम से वीबी जी रामजी योजना के बारे में ग्रामीणों, जॉब कार्ड धारी परिवारों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत यदि समय अवधि में भुगतान नहीं होता है, तो श्रमिकों को ब्याज सहित राशि प्रदान की जाती है। इससे मजदूरी भुगतान में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। वीबी जी राम जी योजना के माध्यम से जिले के गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे कृषि उत्पादन, जलस्तर सुधार और ग्रामीण अधोसंरचना को बल मिलेगा। इससे पलायन में कमी आएगी तथा महिलाओं एवं युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 की तैयारियां तेज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 11, 12 एवं 13 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 की तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। कलेक्टर ने शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विष्णु मंदिर परिसर का अवलोकन कर आकर्षक लाइटिंग एवं साज-सज्जा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महोत्सव स्थल में विभिन्न विभागों एवं निजी संस्थाओं द्वारा लगाए जाने वाले स्टॉल किसानों की आवश्यकता एवं हित को ध्यान में रखते हुए लगाए जाएं। उन्होंने कृषि आधारित योजनाओं, आधुनिक तकनीकों, बीज, उर्वरक, जैविक खेती, पशुपालन एवं उद्यानिकी से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने कहा। साथ ही किसानों को नई कृषि तकनीक, आधुनिक उपकरण, ड्रोन तकनीक सिंचाई के नवाचार एवं उन्नत बीजों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मंच, स्टॉल व्यवस्था, साउंड, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पार्किंग, यातायात व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## अवैध रेत खनन और परिवहन एक जेसीबी व 4 हाइवा जब्त

**जांजगीर।** राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने पिपरदा-पुछेली रेत खदान क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में सख्त कार्रवाई की है। खनिज अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 1 जेसीबी एक्सवेटर मशीन और 4 हाइवा वाहन जब्त किए गए हैं। जांच दल ने जेसीबी मशीन को पुलिस थाना बम्हनीडीह की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा, जबकि हाईवा वाहनों पर नियमानुसार नोटिस चस्पा किया गया। इस मामले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के संबंध में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। प्रकरण पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, विभाग ने निर्देश दिए हैं कि अवैध उत्खनन और परिवहन में शामिल वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

## धान खरीदी की तिथि बढ़ाए जाने को लेकर किसानो मे खुशी



**जांजगीर चांपा।** भाजपा नेताओ ने शासन द्वारा लिए गए निर्णय का सही ढंग से परिपालन किए जाने को लेकर की समिति प्रभारियो से मुलाकात की। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा धान खरीदी की तारीख बढ़ाए जाने को लेकर क्षेत्र के किसानो ने प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया विगत दिनो धान बेचने की समस्या को देखते हुए छग प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानो के पक्ष मे निर्णय लेते हुए धान खरीदी की समय सीमा मे इजाफा किया है इस निर्णय का सही ढंग से पालन हो रहा है या नही जिसकी जानकारी लेने के लिए समिति प्रभारियो से जांजगीर चाम्पा जिले के भाजपा नेताओ ने मुलाकात की उक्त मुलाकात के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चमन शिव सिंह किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग तिवारी उपस्थित रहे

### बिरगहनीरोड बदहाल, उड़ती धूल से राहगीर हो रहे परेशान

**जांजगीर।** चांपा से बिरगहनी की ओर जाने वाली सड़क की हालत दिनों-दिन खराब होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी डामर और बिखरी गिट्टियां राहगीरों की परेशानी बढ़ा रही हैं। गर्मी में वाहनों की आवाजाही से उड़ने वाली धूल ने राहगीरों और आसपास के लोगों को परेशान कर दिया है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों दोपहिया, चारपहिया वाहन और भारी मालवाहक गुजरते हैं। धूल के गुबार से सामने से आने वाले वाहन तक दिखाई नहीं देते।

### निजी डबरी निर्माण से ग्रामीणों को मिला रोजगार

**देवरी।** ग्राम पंचायत बघौदा के आश्रित ग्राम कुम्हारीखुर्द में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत निजी डबरी निर्माण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य ज्ञान बाई प्रधान अपनी निजी भूमि पर करा रहीं हैं, जिससे गांव के लगभग 30 ग्रामीणों को रोजगार गारंटी योजना के तहत स्थानीय स्तर पर काम उपलब्ध हुआ है।

## जिले की ग्राम पंचायतों में 7 फरवरी को रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का संयुक्त आयोजन

### क्यू आर कोड, विकसित भारत जी राम जी योजना के प्रावधानों से ग्रामीणों को कराया जाएगा अवगत

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह की 7 तारीख को रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का आयोजन किया जाना है। 7 फरवरी 2026 को जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं मनरेगा कार्यस्थलों में रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत - जी राम जी योजना के प्रावधानों से अवगत कराया जाएगा। ग्राम पंचायतों में चस्पा किए गए क्यूआर कोड को स्कैन कराकर श्रमिकों एवं ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

रोजगार दिवस में आजीविका डबरी निर्माण, जल संरक्षण एवं मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों की विशेषताओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया जाएगा। इस नवाचारी पहल के अंतर्गत ग्रामीणों को रोजगार, खाद्यान्न एवं आवास से जुड़ी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि इस संयुक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को विकसित भारत - जी राम जी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत जानकारी देना तथा योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है।


आवास दिवस' के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर प्रमुख गतिविधियां संचालित की जाएंगी। आवास निर्माण से संबंधित तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं का समाधान शामिल है। विशेष रूप से ई-केवाईसी, लंबित किस्तों का भुगतान, 90 दिवस की अकुशल मजदूरी भुगतान जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल सुलझाया जाएगा। आवास निर्माण कार्यों में सामग्री की किसी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए सेंट्रिंग प्लेट, ईंट, रेत सहित आवश्यक निर्माण सामग्री सुलभ कराई जाएगी।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के लिए ज्योति को प्रभार

**रिगनी-खरौद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तहत चल रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को मजबूत बनाने के लिए संगठन स्तर पर प्रभारियों की नियुक्ति की जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने ग्राम पंचायत खैरताल निवासी ज्योति किशन कश्यप को नवागढ़ क्षेत्र का अभियान प्रभारी नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा मनरेगा योजना ग्रामीण मजदूरों के लिए जीवनरेखा के समान है पर वर्तमान समय में मजदूरों को रोजगार और भुगतान पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## जगदीश प्रसाद मिश्रा दिवंगत

**जांजगीर।** जांजगीर शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं शिक्षक जगदीश प्रसाद मिश्रा का आकस्मिक निधन विगत दिनों हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय रानीपार मुक्ति धाम में किया गया। उनके शव को उनकी जेष्ठ पुत्र द्वारा मुखाग्नि दी गई। इस अवसर पर उनके अंतिम यात्रा में बहुतायत संख्या मे स्वजातीय लोगों के अलावा अन्य समाज के लोग उपस्थित थे।



ज्ञात हो कि जगदीश प्रसाद मिश्रा वर्तमान में अमोरा मिडिल स्कूल में पदस्थ थे जो काफी मिलनसार होने के सथ-साथ हंसमुख भी थे। उनके निधन से शहर में शोक की लहर है।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-IV/OPRN/W/T-10/26/365 Marwa, dtd.03.02.26

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-10/2026: -**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa:-

| S. No. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/ Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-IV/ OPRN/W/ T-12/26 | 8100049212 | Work Contract for daily cleaning of various allied buildings at 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 06.03.2026 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%) | Rs. 12050/- |
| 02. | 15-06/ S&P/ EE-IV/ OPRN/W/ T-13/26 | 8100049213 | Work Contract for Dailycleaning of T.G. Buildings and associated area at 2X500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 06.03.2026 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @ 18%) | Rs. 12050/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

S- 46909/2


# कांग्रेस ने दिखाई ताकत, कलेक्ट्रेट कार्यालय के घेराव के साथ जबरदस्त प्रदर्शन

**सक्ती।** जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के तत्वाधान में शक्ति जिले में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन देखा गया, जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय जेठा के घेराव के साथ ही कांग्रेस ने बड़ा प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता मौजूद रहे तथा शक्ति जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे थे, जहां पहले से ही पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की हुई थी, तथा इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य एवं केंद्र सरकार के विभिन्न जन विरोधी मुद्दों को लेकर अपना आयोजन किया, जिला कांग्रेस कमेटी सक्ति के तत्वाधान में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत कलेक्ट्रेट का घेराव और प्रदर्शन किया गया।जिसमे उपस्थित कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार लगातार मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना की मूल भावनाओं के साथ राजनीतिक खिलवाड़ कर रही है।




छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने कहा कि बजट में कटौती और नियमों में जटिलता लाकर गरीबों के हक को मारने की साजिश रची जा रही है। मजदूरों के पसीने की कमाई को रोकने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को चोट पहुँचाने वाली भाजपा सरकार की इन दमनकारी नीतियों के खिलाफ आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हुंकार भरी है।जब तक हर हाथ को काम और हर काम का उचित दाम नहीं मिल जाता, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। मनरेगा और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए हम सड़क से लेकर सदन तक लड़ने के लिए संकल्पित हैं। कार्यक्रम को उपस्थित अन्य नेताओं ने भी संबोधित करते हुए राज्य एवं केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ हुंकार भरी तथा जन विरोधी नीतियों को लेकर कांग्रेस पार्टी के गांव गांव तक जाने की भी बात कही, इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सह प्रभारी श्रीमती जरिता लेफ्तलॉन्ग, पूर्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्वमंत्री एवं मनरेगा छग प्रभारी उमेश पटेल, विजय केसरवानी, प्रशांत मिश्रा, जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गभेल, विधायक रामकुमार यादव, विधायक बालेश्वर साहु,हरीश परसाई, ठाकुर गुलजार सिंह जनपद पंचायत शक्ति की अध्यक्ष नीतू राय,ऋषि राय,अमित राठौर, रूप नारायण साहू , गिरधर जायसवाल, राकेश राठौर, घनश्याम देवांगन, गजाधर यादव पार्षद, राम संजीव देवांगन पार्षद, पिंटू राठौर, अमिर अग्रवाल, रिजवान खान,शफीक अहमद, प्रताप सिंह राठौर, देवेंद्र राठौर, रविंद्र राठौर सहित ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवक कांग्रेस, एनएसयुआई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन......

अपनी याददाश्त के बजाय अपनी कल्पना के अनुसार जियें।

## नई दवाओं के विकास

अनुसंधान एवं परीक्षण की गतिविधियों को नौकरशाही सुस्ती से मुक्त करना सही दिशा में कदम है। लेकिन इसे सुनिश्चित करना भी जरूरी होगा कि दवा कंपनियां नियमों में दी जा रही रियायत का बेज़ा फायदा ना उठाएं। भारत सरकार ने नई दवाओं के विकास के लिए हरी झंडी देने के नियम आसान बनाए हैं। इसके लिए नई औषधि एवं क्लीनिकल ट्रायल के 2019 में बने नियमों में बदलाव किया गया है। मकसद नई दवाओं के परीक्षण में लगने वाले समय को घटाना और संबंधित अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है। पहले ऐसे कार्यों के लिए केंद्रीय औषधि प्रमाणन नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) से लाइसेंस हासिल करना अनिवार्य था। अब कंपनियां कुछ श्रेणियों की दवाओं को छोड़कर बाकी सभी मामलों में सीडीएससीओ को महज ऑनलाइन सूचना देकर परीक्षण शुरू कर सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस बदलाव से कम-से-कम 90 दिन की बचत होगी।

दवा कंपनियां लंबे समय से ऐसे बदलाव की मांग कर रही थीं। विनियमन प्रक्रिया की धीमी गति को वे अपने लिए बड़ी रुकावट मानती रही हैं। अतः अनुसंधान एवं परीक्षण की गतिविधियों को नौकरशाही सुस्ती से मुक्त करना सही दिशा में कदम है। लेकिन इसे सुनिश्चित करना भी जरूरी होगा कि कंपनियां नियमों में ढीलेपन का बेज़ा फायदा ना उठाएं। हालांकि भारतीय दवा उद्योग की दुनिया में ऊंची साख है, लेकिन हाल के वर्षों में कंपनियों द्वारा विनियमन प्रक्रिया में ढिलाई का लाभ उठाने के कई मामलों सामने आए हैं। कफ सिरप जैसी दवाओं से मिलावट की घटनाओं से भारतीय औषधि उद्योग पर कलंक लगा है। आम धारणा है कि भारत में निगरानी की व्यवस्था पश्चिमी देशों में मौजूद विनियम से कमजोर है। इसी कारण भारत में बनी जेनरिक दवाओं को ब्रांडेड दवाओं से अक्सर कमतर समझा जाता है। इसके बावजूद भारत में बनी दवाओं और वैक्सीन का दुनिया में बहुत बड़ा बाजार है, तो उसकी वजह इनका किफायती होना है। दवा उत्पादन के लिहाज से भारत दुनिया में तीसरे और मूल्य के लिहाज से 14वें स्थान पर आता है। देश में तीन हजार से ज्यादा दवा कंपनियां और साढ़े दस हजार फैक्टरियां हैं। लगभग 60 जेनरिक ब्रांड यहां उत्पादित होते हैं। इस कारोबार ने दशकों के दरम्यान इतना विशाल आकार ग्रहण किया है, तो उसमें विश्वसनीयता एक निर्णायक पहलू रही है। नए बदलावों के साथ इस पर कोई समझौता नहीं हो, इसे अवश्य सुनिश्चित करना होगा।

## राशिफल

मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को अचानक कहीं से धनलाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज आपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाने से गतिविधियां बेहतर होंगी। आज आप अपनी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव करेंगे। उधार दिया पैसा मिलने के योग हैं।

वृष राशि वालों आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही आज काम में मन लगेगा। आज आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर बेहतरीन कार्य पूर्ण करने में सफल होंगे। साथ ही किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको खुशी होगी। कुछ समय अपने रुचिपूर्ण कार्यों में व्यतीत करेंगे।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज का दिन अनुकूल है लेकिन इसका सदुपयोग करना आपकी योग्यता पर निर्भर करता है।

कर्क राशिः शादी की बात फाइनल होगी, आज आप दिन भर कई तरह के कामों में व्यस्त रहेंगे। आज भागदौड़ से राहत पाने के लिए थोड़ा समय खुद के लिए निकालें। आज अपने निजी कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज फालतू उलझने छोड़कर अपने करियर पर ध्यान देंगे। आज नई-नई जानकारियां मिल सकती हैं। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के प्रस्ताव आयेंगे। शादी की बात फाइनल होगी। नवविवाहित दंपत्ति आज कहीं घूमने जायेंगे।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी, आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे। आज खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने अंदर नया जोश और ऊर्जा महसूस करेंगे। घर में सकारात्मकता बनाकर रखने के लिए घर की व्यवस्था में भी रुचि लेंगे।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में पदोन्नती के अवसर बनेंगे। आज जीवनसाथी तथा परिवारजनों का सहयोग आपकी कार्य क्षमता को और बेहतर बनाएगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आज ऑफिस में आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। काम करने के तरीको में कुछ परिवर्तन लाने की जरूरत है।

तुला राशिः आज करीबी रिश्तेदारों के साथ मिलकर अच्छी योजनाओं पर विचार होगा। आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा। परिवार के साथ मनोरंजक यात्रा का प्लान बनेगा। आज अपना मनोबल मजबूत बनाये रखें, सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। कम्पनी की तरफ से आपको विदेश यात्रा पर जाना पड़ सकता है, यात्रा लाभदायक रहेगी। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आया है। आपका चंचल स्वभाव लोगों को प्रभावित करेगा। ज्यादा सोच विचार करने से समय निकल सकता है, इसलिए योजनाएं बनाने के साथ साथ तुरंत लागू करने की भी कोशिश करें। आज आपके खर्चों में अधिकता रहेगी। आज सोचा हुआ काम पूरा हो जाएगा, जिससे आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

धनु राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज काम करने से पहले उससे जुड़ी जानकारी जरूर हासिल करें। इससे आपको सफलता मिलेगी। दूसरों की बातों में न आएं। अपने फैसलों को ही सर्वोपरि रखें और अपनी मेहनत पर भरोसा रखें।

मकर राशिः आज का दिन घूमने फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज समस्याओं से घबराने के बजाय सॉल्यूशन खोजने की कोशिश करेंगे। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बन सकता हैं।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज जरूरी कार्यों में लोगों का साथ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में आप अपने आसपास की परिस्थितियों में बदलाव महसूस करेंगे। पारिवारिक व्यवस्था को लेकर खास योजनाएं बनेंगी। आज आप उचित फैसला लेने में सक्षम रहेंगे। व्यापार को लेकर साझेदार से चल रही अनबन समाप्त होगी।

मीन राशिः आज का दिन घूमने फिरने में बीतेगा। आज आत्मविश्वास बनाए रखने से काम को अच्छे से पूरा कर पाएंगे। नए लोगों से मुलाकात होगी और रुके काम पूरे होने से रिलेक्स महसूस करेंगे। फालतू खर्चे कम करने की कोशिश करेंगे, लेकिन कुछ ऐसे खर्चे भी रहेंगे जिनको रोक पाना मुश्किल होगा। आज अपना मनोबल बनाए रखें। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। बच्चों के साथ रात को बाहर डिनर का प्लान बन सकता है।

# भारत वसुधैव कुटुम्बकम के भाव के साथ मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न कर रहा है

//प्रह्लाद सबनानी//

**उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। दिनांक 27 जनवरी 2026 को यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है। अब, इस समझौते की शर्तों को इन देशों की संसद द्वारा पारित किया जाएगा, इसके बाद यह मुक्त व्यापार समझौता यूरोपीय यूनियन एवं भारत के बीच होने वाले विदेशी व्यापार पर लागू हो जाएगा। इस मुक्त व्यापार समझौते को मदर आफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। क्योंकि, यह मुक्त व्यापार समझौता विश्व के 28 देशों के उस भूभाग पर लागू होने जा रहा है, जहां विश्व की 30 प्रतिशत आबादी निवास करती है। पृथ्वी के इस भूभाग पर 200 करोड़ से अधिक नागरिकों का निवास है।**

इन 28 देशों की संयुक्त रूप से विश्व के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 25 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। विश्व की दूसरी सबसे बड़ी (संयुक्त रूप से) अर्थव्यवस्था (यूरोपीय यूनियन - 22 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) एवं चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (भारत - 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बीच यह मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न होने जा रहा है। वैश्विक स्तर पर होने वाले विदेशी व्यापार में इन समस्त देशों की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत है। पूरी दुनिया में 33 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार होता है, इसमें से 11 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का विदेशी व्यापार उक्त 28 देशों द्वारा किया जाता है।

उक्त वर्णित मुक्त व्यापार समझौता विश्व का सबसे बड़ा व्यापार समझौता है। इसके पूर्व, सबसे बड़े मुक्त व्यापार समझौते के रूप में चीन एवं 10 आशियान देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते को माना जाता है। यह केवल एक मुक्त व्यापार समझौता नहीं बल्कि यूरोपीय यूनियन के 27 देशों एवं भारत के बीच साझा समृद्धि का एक ब्लूप्रिंट है। इस समझौते में पूरी दुनिया की आर्थिक दशा एवं दिशा बदलने की क्षमता है। उक्त व्यापार समझौता को सम्पन्न करने के प्रयास पिछले 18 वर्षों से हो रहे थे। परंतु, कुछ विपरीत परिस्थितियों के चलते इस समझौते को सम्पन्न होने में इतना लम्बा समय लग गया है, अतः यह अब भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के बीच एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात वर्ष 2032 तक यूरोपीयन यूनियन के सदस्य देशों एवं भारत के बीच विदेशी व्यापार के दुगना होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसके पूर्व भारत एवं यूनाइटेड किंगडम के बीच भी मुक्त व्यापार समझौता सम्पन्न किया जा चुका है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री भी संभवतः मार्च माह में भारत के दौरे पर आने वाले है और भारत एवं कनाडा के बीच भी कुछ क्षेत्रों में व्यापार समझौता सम्पन्न होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। अमेरिका मुक्त व्यापार समझौतों को हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, जबकि भारत मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाते हुए विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है ताकि भारत एवं अन्य समस्त देशों में निवासरत नागरिकों को इन समझौतों से लाभ मिले। यह भारतीय संस्कृति के वसुधैव कुटुम्बकम के भाव को दर्शाता है। भारत की इस नीति के चलते ही विश्व के कई देश अब भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते शीघ्र ही सम्पन्न करना चाह रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल दिखाई दे रही है। भारत एवं यूरोपीय यूनियन के 27 सदस्य देशों के बीच सम्पन्न हुए मुक्त व्यापार समझौते से इस उथल पुथल में कुछ सुधार आता हुआ दिखाई देगा।

भारत में कृषि एवं डेयरी क्षेत्र अतिसंवेदनशील है। क्योंकि, भारत की कुल आबादी का लगभग 60 प्रतिशत भाग आज भी ग्रामीण इलाकों में उक्त क्षेत्रों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर है। अतः उक्त दोनों क्षेत्रों को मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा गया है। हां, भारत के समुद्री उत्पाद उद्योग, वस्त्र एवं परिधान उद्योग, जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग, चमड़ा उद्योग, खिलौना उद्योग जो श्रम आधारित उद्योग हैं, को उक्त मुक्त व्यापार समझौते से अधिकतम लाभ होगा क्योंकि यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों द्वारा भारत से उक्त उत्पादों के आयात पर आयात ड्यूटी को शून्य किया जा रहा है। वर्तमान में भारत से समुद्रीय उत्पादों के निर्यात पर 26 प्रतिशत का आयात कर लगाया जाता है, जिसे मुक्त व्यापार समझौता के लागू होने के पश्चात शून्य कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, वस्त्र एवं परिधान के आयात पर वर्तमान में लागू 12 प्रतिशत के आयात कर को शून्य किया जा रहा है, खिलौना पर लागू 4.7 प्रतिशत के आयात कर को शून्य, जेम्स एवं ज्वेलरी के आयात पर 4 प्रतिशत से शून्य, केमिकल उत्पादों के आयात पर 12.8 प्रतिशत से शून्य, चमड़ा से निर्मित उत्पादों के आयात पर 17 प्रतिशत से शून्य, फर्नीचर उत्पादों के आयात पर 10.7 प्रतिशत से शून्य आयत कर किया जा रहा है। यूरोपीय यूनियन के 27 देश, जो विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं, में जन्म दर पिछले कई वर्षों से लगातार गिर रही है एवं कुछ देशों में तो यह शून्य के स्तर पर पहुंच गई है जिससे इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सेवा क्षेत्र में कार्य करने वाले नागरिकों का इन देशों में नितांत अभाव दिखाई देता है। अतः इन देशों में श्रमबल की भारी कमी है। उक्त मुक्त व्यापार समझौते के सम्पन्न होने के पश्चात भारतीय नागरिकों को यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों में तकनीकी क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, आदि में रोजगार के भारी मात्रा में अवसर प्राप्त होंगे। इन समस्त देशों द्वारा भारतीय नागरिकों को वीजा प्रदान करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। युनाईटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रान्स आदि जैसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जैसे देशों में भारतीय इंजिनीयरों एवं डाक्टरों की भारी मांग है। उक्त देशों द्वारा भारतीयों के परिवार के सदस्यों को रोजगार प्रदान करने के अवसर भी प्रदान करने सम्बंधी प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा। भारतीय विद्यार्थियों द्वारा यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों के विश्वविद्यालयों में अपनी शिक्षा समाप्त करने के उपरांत 9 माह से 12 माह तक का समय रोजगार तलाशने के लिए प्रदान किया जाएगा। इस समयावधि तक भारतीय युवाओं को इन देशों में प्रवास की अनुमति प्रदान की जाएगी। भारतीय कारीगरों के लिए अब वैश्विक बाजार खुल रहा है। साथ ही, भारत अब विनिर्माण इकाईयों का वैश्विक केंद्र बन सकता है। क्योंकि, यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हैं एवं वे अपनी सम्पत्ति/पूंजी का निवेश भारत में विनिर्माण इकाईयों में कर सकते हैं एवं कुछ लाभप्रद क्षेत्रों में वे अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना भी कर सकते हैं। अधिक उत्पादन इकाईयों की स्थापना से भारत में रोजगार के अधिक अवसर भी निर्मित होंगे। इससे भारत में बेरोजगारी की समस्या का हल भी निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को इस दृष्टि के साथ सम्पन्न किया जा रहा है ताकि इससे भारत के किसान, मजदूर, कारीगर, पेशेवर नागरिकों एवं सूक्ष्म, छोटे एवं मध्यम उद्योगों को विशेष लाभ हो। यूरोपीयन यूनियन के समस्त 27 देशों में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र का आकार 26,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है, इससे भारत से वस्त्र एवं परिधान का निर्यात वर्तमान में 64,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 3 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इसी प्रकार, चमड़ा उत्पादों का बाजार 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है एवं जेम्स एवं ज्वेलरी का बाजार 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। 27 देशों में इस विशाल क्षेत्र में भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग एवं अन्य उत्पादों को प्रवेश मिलने से भारत में श्रम आधारित कई सूक्ष्म, छोटी एवं मध्यम इकाईयों को लाभ होने जा रहा है। लगभग इसी प्रकार का लाभ अन्य क्षेत्रों यथा, समुद्री उत्पाद, चमड़ा उत्पाद, खिलोना उत्पाद, जेम्स एवं ज्वेलरी उत्पाद, केमिकल उत्पाद, फर्नीचर उत्पाद आदि, में कार्यरत इकाईयों की भी होने जा रहा है। इन क्षेत्रों में कार्यरत विनिर्माण इकाईयों के व्यापार में वृद्धि का आश्य सीधे सीधे अधिक श्रमबल की आवश्यकता होना भी है, जिसकी पूर्ति आज विश्व में केवल भारत ही कर सकता है। रक्षा के क्षेत्र में भारत बहुत तेज गति से विकास कर रहा है। इस क्षेत्र में भारत का अंतिम लक्ष्य आत्मनिर्भरता हासिल करने का है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के ट्रम्प प्रशासन द्वारा यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों को सुरक्षा के सम्बंध में अमेरिका पर निर्भर नहीं रहते हुए अपने पैरों पर खड़े होने की सलाह दी है। अतः यूरोपीय देश अपने सुरक्षा बजट में अत्यधिक वृद्धि करने का विचार कर रहे हैं। भारत के लिए ऐसे समय पर उक्त मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया जाना एक सुनहरे अवसर के रूप में सामने आया है। इससे सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादन कर रही भारतीय कम्पनियों को यूरोपीय यूनियन का अति विशाल बाजार मिलने जा रहा है। इसी के साथ ही यूरोपीय यूनियन के सदस्य देशों से सुरक्षा के क्षेत्र में उच्च तकनीकी का हस्तांतरण भारतीय कम्पनियों को सम्भव हो सकेगा। कुल मिलाकर यूरोपीय यूनियन के समस्त 27 देशों के साथ सम्पन्न किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते से भारत के लिए अतिलाभप्रद स्थिति बनने जा रही

# राष्ट्रीय सुरक्षा और राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता

//ललित गर्ग//

**यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। नीति-निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा और संसदीय विमर्श जैसे गंभीर विषय किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं। संसद केवल सत्ता और विपक्ष के टकराव का मंच नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिक विवेक और जिम्मेदार अभिव्यक्ति का सर्वोच्च स्थल है। ऐसे में जब राष्ट्रपति के अभिभाषण जैसे संवैधानिक और गरिमामय अवसर पर चर्चा चल रही हो, तब किसी भी नेता से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह शब्दों, संदर्भों और समय-तीनों के प्रति अतिरिक्त सावधानी बरते।**

हालिया घटनाक्रम में लोकसभा में प्रतिनक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक के कुछ अंशों का हवाला देकर चीनी सेना की कथित घुसपैठ को लेकर जो बयान दिया गया, उसने इसी अपेक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। सरकार का आरोप रहा कि इस बयान ने लोकसभा को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि विपक्ष ने इसे सच दबाने की कोशिश बताकर पलटवार किया। परिणाम यह हुआ कि संसद की कार्यवाही बाधित हुई, तीखी बहस ने पूरे दिन का सत्र स्थगित करा दिया और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र मूल मुद्दों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप बन गया।

यह प्रश्न केवल एक वक्तव्य का नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय हित की समझ का है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर सार्वजनिक वक्तव्यों में संवेदनशीलता अनिवार्य होती है। सीमाओं से जुड़े तथ्य, सैन्य तैनाती, रणनीतिक आकलन-ये सब ऐसे विषय हैं जिन पर आधे-अधूरे संदर्भ या चयनित उद्धरण अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकते हैं। यही कारण है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने इसे संसदीय नियमों के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बताया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा व्यवस्था देने के बावजूद यदि किसी नेता का अपने वक्तव्य पर अड़े रहना कार्यवाही को ठप कर दे, तो सवाल उठता है कि क्या उद्देश्य सच सामने लाना था या राजनीतिक लाभ साधना। विपक्ष का दायित्व सत्ता से सवाल करना है, यह लोकतंत्र का प्राण है। किंतु सवालों की भाषा, मंच और समय-तीनों लोकतांत्रिक मर्यादाओं से बंधे होते हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का समय सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर समग्र विमर्श का होता है। उस दौरान सैन्य पुस्तकों के चयनित अंशों को राजनीतिक हथियार बनाना, वह भी बिना समुचित संदर्भ और संस्थागत प्रक्रिया के, स्वाभाविक रूप से विवाद को जन्म देता है। विपक्ष का यह कहना कि सरकार असहज प्रश्नों को दबाना चाहती है, एक परिचित एवं बेतूका राजनीतिक तर्क है; परंतु सरकार का यह कहना कि राष्ट्रीय सुरक्षा को राजनीतिक रंग देना अनुचित है, उतना ही वजनदार प्रतिवाद है। दोनों पक्षों के बीच संतुलन वहीं संभव है, जहां तथ्य, प्रक्रिया और समय का सम्मान हो। संसद के भीतर अप्रकाशित 'संस्मरण' के जिक्र पर विवाद होना स्वाभाविक है। क्योंकि संसदीय परंपराओं और स्थापित नियमों के अनुसार किसी भी सदस्य द्वारा संसद के पटल पर ऐसी प्रकाशित या अप्रकाशित पुस्तक, लेख या पत्रिका की सामग्री को प्रमाण के रूप में उद्धृत करना स्वीकार्य नहीं है, जिसे सदन के समक्ष औपचारिक रूप से प्रस्तुत (टेबल) न किया गया हो। विशेष रूप से ऐसी पुस्तकों या लेखों के अंश, जिनकी न तो संसदीय सत्यापन प्रक्रिया हुई हो और न ही जिन्हें सदन की अनुमति से अभिलेखित किया गया हो, उन्हें तथ्यात्मक प्रमाण मानना संसदीय मर्यादा के विरुद्ध है। इस दृष्टि से राहुल गांधी द्वारा किसी अप्रकाशित पुस्तक के अंशों को सीधे उद्धृत कर उन्हें नीतिगत या राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करना न केवल संसदीय नियमों की अवहेलना है, बल्कि इससे सदन की गरिमा और कार्यवाही की विश्वसनीयता भी आहत होती है।

राहुल गांधी केवल कांग्रेस के नेता ही नहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। कम से कम राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में तो उन्हें भारतीय सेनाओं के नैरेटिव के साथ खड़े होना चाहिए। दुर्भाग्य से वे ऐसा नहीं करते। वे चीन और पाकिस्तान को लेकर मोदी सरकार को तो घेरते हैं, लेकिन यह स्मरण नहीं रखते कि इन दोनों देशों ने भारतीय भूभाग पर तब अतिक्रमण किया, जब कांग्रेस सत्ता में थी। गलवान में चीनी सेना के साथ खूनी टकराव के मामले में तत्कालीन सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित पुस्तक के कथित अंश का जैसा उल्लेख राहुल गांधी ने किया, उस पर हंगामा होना ही था। आखिर जो पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका उल्लेख राहुल कैसे कर सकते हैं? राहुल गांधी का आरोप कि मोदी सरकार ने चीनी सेना के अतिक्रमणकारी रवैये पर साहस नहीं दिखाया, बेबुनिया एवं भ्रमित करने वाला आरोप है। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने यह कहने की कोशिश की हो कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का डटकर मुकाबला करने से बचते हैं। वे मोदी सरकार को कमजोर दिखाने के लिए यह भी कहते रहे हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। वे यहां तक कह चुके हैं कि चीनी सेना ने भारतीय सैनिकों की पिटाई की थी। इसके लिए उन्हें सुप्रीम कोर्ट की फटकार भी सुननी पड़ी थी। इसके बाद भी वे यह समझने के लिए तैयार नहीं कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सतही आरोपों के आधार पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। जबकि सच्चाई यह है और सब जानते हैं कि गलवन में चीनी सेना को करारा जवाब मिला था और इसी कारण वह वार्ता की मेज पर आया और लद्दाख में कई इलाकों में यथास्थिति कायम हो पाई।

कांग्रेस की भूमिका पर भी गंभीर आत्ममंथन आवश्यक है। एक समय देश को नेतृत्व देने वाली पार्टी आज बार-बार ऐसे प्रसंगों में उलझती दिखती है, जहां बयानबाजी मुद्दों पर भारी पड़ जाती है। राहुल गांधी एक प्रभावशाली वक्ता हैं, जनभावनाओं को छूने की क्षमता रखते हैं और युवाओं में संवाद स्थापित कर सकते हैं। किंतु यही कारण है कि उनसे अधिक जिम्मेदारी की अपेक्षा भी की जाती है। बार-बार ऐसे मुद्दे उठाना जिन्हें सत्ता पक्ष राष्ट्रीय एकता के लिए घातक बताता हो, कांग्रेस की छवि को गैर-जिम्मेदार विपक्ष के रूप में मजबूत करता है। यह धारणा चाहे पूरी तरह सही न हो, लेकिन राजनीति में धारणा भी उतनी ही प्रभावशाली होती है जितना तथ्य। तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो परिपक्व लोकतंत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा पर बहस के लिए अलग-अलग संसदीय समितियां, बंद सत्र और संस्थागत प्रक्रियाएं होती हैं। सार्वजनिक मंचों पर बयान देते समय नेता प्रायः संकेतों और नीतिगत प्रश्नों तक सीमित रहते हैं, विस्तृत सैन्य विवरणों से परहेज करते हैं। भारत में भी ऐसी परंपरा विकसित होनी चाहिए, जहां विपक्ष सरकार से जवाबदेही मांगे, परंतु सेना और सुरक्षा संस्थानों की साख को राजनीतिक संघर्ष का अखाड़ा न बनाया जाए। यही संतुलन लोकतंत्र को मजबूत करता है। लेकिन राहुल गांधी पूर्व में भी सैन्य बयानों से न केवल सुरक्षा के लिये खतरा बनते रहे हैं बल्कि हमारे जवानों के मनोबल को भी आहत करते रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान बात की।



नई दिल्ली में शिक्षा मंत्रालय के बाहर, कैंपस में जाति-आधारित भेदभाव को रोकने के लिए 2026 के यूजीसी नियमों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों ने स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक सदस्य को हिरासत में लिया।



नेशनलिस्ट यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा ने हरिद्वार में वीआईपी घाट के पास महाराष्ट्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की अस्थियों के विसर्जन से पहले रीति-रिवाज पूरे किए।



मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह, बाएं, इंफाल में श्री बिजोय गोविंदाजी मंदिर में पूजा करते हुए।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने देहरादून में उत्तरायण कौशिक उत्सव पर एक धार्मिक जुलूस में हिस्सा लिया।



नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के दौरान बुधवार को संसद परिसर की सीढ़ियों पर फिसलकर गिरने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर व्हीलचेयर पर।



संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य।

# ऊर्जा नीति पर भारत का नेशन फर्स्ट रुख, ट्रंप के दबाव को दरकिनार कर भारत ने दिया जवाब



**नई दिल्ली 06 फरवरी।** भारत ने गुरुवार को कहा कि देश के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और वेनेजुएला से कच्चा तेल की खरीद के विकल्प पर विचार समेत ऊर्जा स्त्रोत को लेकर उसकी रणनीति मुख्य रूप से इसी बात पर आधारित है। विदेश मंत्रालय का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे के कुछ दिन बाद आया है कि भारत, रूस से तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका व वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदने पर सहमत हो गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, जहां तक भारत की ऊर्जा खरीद का सवाल है तो सरकार ने कई मौकों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा, बाजार की स्थितियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के हिसाब से अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाना, यह सुनिश्चित करने की हमारी रणनीति का मुख्य हिस्सा है। भारत के सभी कदम इसी बात को ध्यान में रखकर उठाए जाते हैं और भविष्य में भी इसका अनुसरण किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि भारत, वेनेजुएला समेत कच्चे तेल की आपूर्ति के किसी भी नए विकल्प पर विचार करने के लिए खुला है। उन्होंने यह जवाब उन सवालों पर दिया, जिसमें पूछा गया था कि क्या भारत, रूस से कच्च तेल खरीदना बंद कर देगा।

# दूध में यूरिया, आईसक्रीम में डिटरजेंट, राघव चड्ढा ने राज्यसभा में उठाया खाद्य पदार्थों में मिलावट का मुद्दा



**नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।**

आप सांसद राघव चड्ढा ने बुधवार को राज्यसभा में खाद्य पदार्थों में मिलावट का मुद्दा उठाया। कहा कि बाजार में शुद्धता का झूठा लेबल लगाकर जहर बेचा जा रहा है। दूध में यूरिया, आइसक्रीम में डिटरजेंट, सब्जियों में ऑक्सीटोसिन और पनीर में कास्टिक सोडा की मिलावट की जा रही है। ऑक्सीटोसिन एक हानिकारक रसायन है, जो चक्कर आना, सिर दर्द, हृदय गति रुकना, बांझपन और कैंसर जैसी बीमारियां पैदा कर सकता है।राघव चड्ढा ने संसद में अपने भाषण का वीडियो एक्स पर भी साझा किया। वीडियो के साथ अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट देश का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट है। उन्होंने आरोप लगाया कि दूध, मसाले, खाद्य तेल, पैकेटबंद खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थों में हानिकारक रसायन, संतृप्त वसा, चीनी या नमक मिलाए जा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य को फायदा पहुंचाने वाले भ्रामक दावे भी किए जा रहे हैं। 71 प्रतिशत दूध के नमूनों में यूरिया और 64 प्रतिशत में सोडियम बाइकार्बोनेट जैसे न्यूट्रलाइजर पाए गए हैं। देश में जितना दूध बेचा जा रहा है, उतना तो हमारे यहां उत्पादन भी नहीं होता है। हम सब धीरे-धीरे जहर का सेवन कर रहे हैं। आप नेता ने कहा कि इस देश की दो सबसे बड़ी गरम मसाला कंपनियों पर अमेरिका, ब्रिटेन और पूरे यूरोप में प्रतिबंध लगा दिया गया, क्योंकि उनमें कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक पाए गए थे। वही मसाले अब भी देश में बड़ी मात्रा में बिक रहे हैं। हमें इन उत्पादों का सेवन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## सनातन गुरुओं के सामूहिक आशीर्वाद से इशिका श्री महालक्ष्मी भारत अभियान का दिल्ली में शुभारंभ किया गया

**नई दिल्ली 06 फरवरी।** दिल्ली के भारत मंडपमसभागार में ईशिका श्री महालक्ष्मी फाउंडेशन द्वारा देश भर से आए सनातन गुरुओं के उपस्थित में श्री महालक्ष्मी भारत अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया द्य व्यापक रूप में एक नए युग की शुरुआत के तौर पर वर्णित इशिका श्री महालक्ष्मी भारत अभियान के तहत इशिका श्री महालक्ष्मी ने आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और सामाजिक पुनरुत्थान पर आधारित एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन की औपचारिक शुरुआत की है। पूर्व में इशिका तनेजा के तौर पर जानी जाने वाली अभिनेत्री, गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक और योगी आदित्यनाथ के साथ जुड़ी सीता मैया अब इशिका श्री महालक्ष्मी में रूपांतरित हो गई हैं और उनका परिवर्तन एवं इस अभियान का नेतृत्व समकालीन आध्यात्मिक एवं सामाजिक विमर्श में एक ऐतिहासिक क्षण है। इस अभियान के शुभारंभ के मौके पर प्रख्यात संतों, विचारकों और पूरे भारत से प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आशीर्वाद प्रदान किया।

# 22 जवानों के बलिदान के लिए जिम्मेदार माओवादी ढेर

## 12 ने छोड़े हथियार, इस नक्सली की तलाश जारी

**बीजापुर, 06 फरवरी [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के सुकमा में 2021 में टेकुलुगुडम मुठभेड़ में 22 जवानों के बलिदान के लिए जिम्मेदार माओवादी उधम सिंह गुरुवार को



बीजापुर में मुठभेड़ में मारा गया। उस पर आठ लाख रुपये का इनाम था। घटनास्थल से एक एके 47 और विस्फोटक बरामद हुए हैं।सुरक्षा बलों की माओवादियों के साथ चिन्नागेलूर जंगल में मुठभेड़ हुई। एसपी डा. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि माओवादी उधम सिंह दक्षिण बस्तर डिवीजन का सदस्य था। उसके मारे जाने के बाद एरिया कमेटी नेतृत्व विहीन हो गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पापाराव एकमात्र जीवित जोनल सदस्य है, जिसकी तलाश जारी है। एसपी जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इसके साथ ही साउथ सब जोनल ब्यूरो से जुड़े 12 माओवादियों ने हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में वापसी की है। उन पर कुल 54 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वर्ष 2026 में 11 माओवादी ढेर हुए हैं। पुलिस के अनुसार, एक जनवरी 2024 से अब तक बीजापुर जिले में 888 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। 1,163 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि 231 माओवादी विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए हैं।

# रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग मामले में बड़ी कार्रवाई, पांच आरोपितों को पुलिस हिरासत में भेजा



**मुंबई, 06 फरवरी [एजेंसी]।**

मशहूर फिल्मकार रोहित शेट्टी के मुंबई के जुहू इलाके में स्थित आवास के बाहर हुई फायरिंग के सभी पांच आरोपितों को मुंबई की एस्प्लानेड कोर्ट ने छह दिन की पुलिस हिरासत में भेजा दिया है। रोहित शेट्टी के आवास के बाहर एक फरवरी को तड़के चार राउंड फायरिंग हुई थी। इस मामले में पुलिस ने उसी दिन चार आरोपितों को गिरफ्तार किया।पांचवे आरोपित आसाराम फासले को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उस पर फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियार की आपूर्ति का आरोप है। उसे अन्य आरोपितों के साथ कोर्ट में पेश किया गया। जज ने आरोपितों को 11 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।सुनवाई के दौरान, पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि इंटरनेट मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस घटना की जिम्मेदारी ली गई थी। आरोपित सिग्नल एप का इस्तेमाल करके संवाद करते थे।

पुलिस ने चार आरोपितों की अधिकतम हिरासत और पांचवे आरोपित आसाराम फासले उर्फ बाबू के लिए 10 दिन की हिरासत की मांग की। प्रारंभिक जांच के अनुसार आरोपितों के तार लारेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य शुभम लोनकर से जुड़े हो सकते हैं।

## टायर फैक्ट्री में बायलर फटा, नौ महीने के मासूम समेत आठ झुलसे

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला स्थित मंगल कार्बन प्लांट में गुरुवार को टायर रीसाइक्लिंग के दौरान बायलर फट गया। इस दुर्घटना में आठ मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए, जिनमें नौ महीने का एक मासूम बच्चा भी शामिल है। प्लांट में पुराने टायरों को गलाकर कार्बन बनाने का काम चल रहा था।आशंका जताई जा रही है कि बायलर के भीतर दबाव बढ़ने या किसी तकनीकी खामियों के कारण यह विस्फोट हुआ। धमाका इतना तेज था कि इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी।इस ब्लास्ट से निकली गर्म गैस और आग ने आसपास काम कर रहे मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जिसमें कई मजदूर 70 से 80 प्रतिशत तक झुलस चुके हैं। विशेष रूप से नौ महीने के मासूम की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने प्लांट परिसर को सील कर जांच शुरू कर दी है।

## कैदियों की मजदूरी में बढ़ोतरी के खिलाफ जनहित याचिका खारिज रा'य सरकार का फैसला बरकरार

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार द्वारा दोषी कैदियों को दी जाने वाली मजदूरी में की गई कई गुना बढ़ोतरी को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति वी.एम. श्याम कुमार की खंडपीठ ने अधिवक्ता ए.के. गोपी द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए 9 जनवरी को जारी राज्य सरकार के कार्यकारी आदेश की वैधता को बरकरार रखा। इस आदेश के तहत जेल श्रम के लिए दी जाने वाली दैनिक मजदूरी को पहले के 63 रुपये से 168 रुपये के दायरे से बढ़ाकर 530 रुपये से 620 रुपये के बीच कर दिया गया था। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि यह संशोधन मजदूरी में कई गुना वृद्धि है और कुछ श्रेणियों में यह बढ़ोतरी लगभग नौ गुना तक पहुंचती है। उनका कहना था कि नई दरों के अनुसार कैदी प्रतिमाह लगभग 15,000 रुपये से 18,600 रुपये तक कमा सकेंगे, जबकि भोजन, आवास, कपड़े और चिकित्सा जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं राज्य सरकार पहले से ही निन्शुल्क उपलब्ध करा रही है। याचिका में इसे संवैधानिक रूप से अस्वीकार्य आर्थिक उलटफेर करार देते हुए तर्क दिया गया कि इससे कैदियों को स्वतंत्र श्रमिकों की तुलना में अधिक आर्थिक लाभ मिलेगा।

# अब स्टालिन के मंत्री के बिगड़े बोल, कहा- उत्तर भारतीय यहां गोलगप्पे बेचने आते हैं

**नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।**

तमिलनाडु की स्टालिन सरकार में कृषि मंत्री एमआरके पन्नीरसेल्वम के उत्तर भारतीय प्रवासी मजदूरों पर दिए गए पानी-पूरी संदर्भ वाले बयान के बाद राज्य में हिंदी बनाम गैर हिंदी और उत्तर बनाम दक्षिण का विवाद और भी गहरा गया है।घटनाक्रम की शुरुआत उस वक्त हुई जब चेंगलपट्टू में एक कार्यक्रम में मंत्री पन्नीरसेल्वम ने तीन भाषाओं के मुद्दों फिर से हवा देते हुए दावा किया कि तमिलनाडु की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की वजह से हमारे बच्चे अमेरिका, लंदन जैसी जगहों पर जाकर करोड़ों कमा रहे हैं, जबकि उत्तर भारत के लोग राज्य में आकर निम्न स्तर के काम कर रहे हैं।

पन्नीरसेल्वम ने कथित तौर पर कहा, उत्तर भारत के लोग तमिलनाडु में मेजें साफ करने आ रहे हैं.. वे यहां निर्माण मजदूर, पानी-पूरी बेचने वाले बनकर आ रहे हैं क्योंकि उन्होंने सिर्फ हिंदी ही सीखी है। इस टिप्पणी ने राजनीतिक गलियारों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी और भाषा व क्षेत्रीय अस्मिता की बहस फिर उभर आई। बता दें कि कुछ महीनों में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव है।भाजपा व सहयोगियों का करारा हमला बयान सामने आते ही भाजपा ने इसे उत्तर भारतीयों का अपमान बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर द्रमुक नेता का साथ देने का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया कि क्या विपक्षी गठबंधन के अन्य दल, सपा और राजद, भी इस रुख का समर्थन करेंगे। वहीं, तमिलनाडु बीजेपी के प्रमुख नैनार नागेंद्रन ने इंटरनेट प्लेटफार्म एक्स पर पन्नीरसेल्वम के बयान की तीखी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं है, बल्कि एक पैटर्न बन चुका है। भाजपा ने कहा- द्रमुक के कई नेता प्रवासी मजदूरों का, विशेषकर उत्तर भारतीय या हिंदी बोलने वालों का बार-बार मजाक उड़ा चुके हैं। ऐसे में जब तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों के खिलाफ हिंसा बढ़ रही है, इस तरह के बयान गैर-जिम्मेदाराना और खतरनाक हैं। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एक्स पर लिखा कि कुछ नेता ऐसे हैं जो अपने बयानों के कारण सुर्खियों में रहना चाहते हैं।

राजग सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है। वहीं अन्नाद्रमुक ने भी मंत्री की टिप्पणी को निंदनीय बताया और कहा कि प्रवासी मजदूर तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, ऐसे में इस तरह की भाषा उचित नहीं है।द्रमुक डैमेज कंट्रोल में जुटी लगातार बढ़ती आलोचना के बीच मंत्री के बयान पर डैमेज कंट्रोल की कोशिशें भी तेज हुईं और द्रमुक ने बचाव की रणनीति अपनाई। पार्टी के लोकसभा सांसद टीआर बालू ने कहा कि मंत्री के बयान को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया और उनका उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं था।

## हुक्का और शराब पार्टी के दौरान छापा 43 गिरफ्तार, मोबाइल फोन जब्त

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित एक विला में आयोजित हुक्का और शराब पार्टी के दौरान पुलिस ने 43 पुरुषों को गिरफ्तार कर लिया




और 38 महिलाओं को हिरासत में लिया। पार्टी स्थल से शराब की बोतलें, हुक्का, कारें और मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 2.3 करोड़ रुपये है। अधिकारी ने बताया कि बुधवार आधी रात के समय विला में आयोजित शादी की सालगिरह पार्टी के दौरान कार्रवाई की गई। गुजरात में शराब का निर्माण, बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है। पुलिस ने बताया कि मुंबई के एक व्यक्ति ने गुरुवार रात सानंद के पास अपने साले की शादी की 25वीं सालगिरह मनाने के लिए पार्टी आयोजित की। उसने करीबी दोस्तों को आमंत्रित किया था। छापेमारी के दौरान पार्टी में मौजूद 81 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

# तिरुपति लड्डू विवादः सीएम ने सुधारात्मक कदम के लिए की एक सदस्यीय आयोग की घोषणा


**नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।**



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तिरुपति लड्डू में कथित मिलावटी घी के इस्तेमाल को भगवान के खिलाफ सबसे बड़ा पाप करार देते हुए विशेष जांच दल (एसआइटी) की रिपोर्ट के बाद सुधारात्मक कदम उठाने के लिए एक सदस्यीय समिति गठित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में जब वाईएसआरसीपी सत्ता में थी, उस समय केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई) की रिपोर्ट में भी मिलावट घी की बात स्पष्ट रूप से सामने आई थी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वर्ष 2024 में मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में शुद्धिकरण प्रक्रिया के तहत घी के नमूने एनडीडीबी-कैल्फ को भेजे गए थे जिसने साफ तौर पर कहा कि घी में पशु चर्बी की मिलावट थी।उन्होंने कहा कि मैंने वही कहा था। आज एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। घी पर एसआईटी की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें पामोलीन तेल और रसायनों की मिलावट की गई थी। उन्होंने कहा कि लड्डू प्रसाद में मिलावट भक्तों के विश्वास के खिलाफ एक गंभीर अपराध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एसआईटी ने कुछ लोगों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करने के लिए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा-हम खामियों का अध्ययन करने और सुधारात्मक कदम उठाने के लिए एक सदस्यीय समिति गठित करेंगे। यदि कोई अतिरिक्त जानकारी सामने आती है तो उसे अदालत में रखा जाएगा। नायडू ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने कथित रूप से इस मिलावट में शामिल होकर पाप किया। नायडू ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में लाखों भक्तों को मिलावटी लड्डू दिए गए, जिससे भय और मानसिक तनाव उत्पन्न हुआ।

यह मुद्दा हिंदू विश्वास और भावनाओं से संबंधित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले शासनकाल में कई मंदिरों पर हमले हुए। भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को अपना कुल देवता बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि वर्ष 2003 की शुरुआत में नक्सलियों द्वारा किए गए हमले के दौरान भगवान ने ही उनकी रक्षा की थी। टीटीडी भगवान वेंकटेश्वर के उस पहाड़ी मंदिर का संरक्षक है, जहां दुनिया भर से हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। सितंबर 2024 में उस समय विवाद खड़ा हो गया था, जब नायडू ने राजग की एक बैठक में आरोप लगाया था कि मंदिर के प्रसाद (लड्डू) के निर्माण में घटिया सामग्री और पशु वसा का इस्तेमाल किया गया। इस मामले की जांच सीबीआई की विशेष जांच टीम कर रही है।उधर, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि सीबीआई ने तिरुपति लड्डू घी में मिलावट के कथित मामले में वाईएसआरसीपी को क्लीन चिट नहीं दी है।

# जयपुर हवाई अड्डे पर रनवे छूकर फिर आसमान में उड़ा विमान, यात्रियों में मचा हड़कंप



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरूवार को इंडियन एयरलाइंस के विमान को पहले प्रयास में लैंडिंग छोड़कर वापस उड़ान भरनी पड़ी।मुंबई से जयपुर पहुंचा विमान दस मिनट तक हवा में चक्कर लगाता रहा। इसके बाद पायलट ने दूसरे प्रयास में सुरक्षित लैंडिंग की। जानकारी के अनुसार, पायलट ने दोपहर 1.10 बजे लैंडिंग का प्रयास किया लेकिन रनवे को छूते ही विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। इसके बाद 1.21 बजे दोबारा विमान सफलतापूर्वक उतारा जा सका। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने में भी इसी तरह की घटना हुई थी।

# सेना ने 246 सड़कों-भवनों और स्थानों के रखे भारतीय नाम, संस्कृति की संस्थागत पहचान मजबूत करने की पहल

**नई दिल्ली 06 फरवरी।** भारतीय सेना ने औपनिवेशिक युग की विरासतों को समाप्त करने और भारत के अपने इतिहास और लोकाचार में निहित संस्थागत पहचान को मजबूत करने की दिशा में बड़ी पहल की है। इसके तहत देशभर के विभिन्न छावनियों और सैन्य स्टेशनों में में 246 सड़कों, भवनों और अन्य स्थानों के भारतीय नाम रखे जा रहे हैं। इसका उद्देश्य राष्ट्र के वीरता पुरस्कार विजेताओं, युद्ध नायकों को सम्मानित करना है। ये कदम राष्ट्रीय विरासत और सेवा मूल्यों के प्रति गौरव को बढ़ावा देते हैं। सेना के अधिकारियों के अनुसार, 124 सड़कों, 77 कालोनियों, 27 भवनों और अन्य सैन्य केंद्रों, और 18 विभिन्न सुविधाओं, जिसमें पार्क, प्रशिक्षण क्षेत्र, खेल के मैदान, गेट, हेलिपैड आदि शामिल हैं का नामकरण वीरता पुरस्कार से सम्मानित भारतीय शूरवीरों, युद्ध नायकों और विशिष्ट सैन्य शख्यियतों के नाम पर किया जा रहा है। भारतीय सेना के अधिकारी नें कहा, यह पहल वीरता और बलिदान को याद करने की



अटूट राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। कोलकाता में, फोर्ट विलियम का नाम विजय दुर्ग रखा गया है, जबकि रंगापाहर सैन्य स्टेशन में खेल परिसर का नाम लैशराम ज्योतिन सिंह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स रखा गया है।

जखामा सैन्य स्टेशन में, स्पीयर लेक मार्ग का नाम हैंगपन दादा मार्ग रखा गया है। इस पहल के माध्यम से भारतीय सेना ने राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है कि वे स्थान जहां सैनिक और उनके परिवार रहते हैं, प्रशिक्षण लेते हैं और सेवा करते हैं, स्पष्ट रूप से भारत के अपने नायकों, विरासत और मूल्यों को दर्शाते हैं।



जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ ज़िले में ऑपरेशन त्राशी-I के तहत तेज़ ज़मीनी ऑपरेशन्स के बीच एक सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहा है।

# दुष्कर्म के आरोप लगाने वाले ममले पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, रद की एफआईआर

**नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म के आरोप में दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर) को यह कहते हुए रद कर दिया कि यह सहमति से बने संबंधों में कड़वाहट आने का एक विशिष्ट मामला है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने स्पष्ट किया कि हर रिश्ता जो शादी तक नहीं पहुंचता, उसे झूठा वादा या दुष्कर्म नहीं माना जा सकता, विशेषकर जब संबंध आपसी सहमति से रहे हों। पीठ ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के पिछले वर्ष मार्च के उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर अपना फैसला सुनाया, जिसमें आरोपित के खिलाफ बिलासपुर में फरवरी 2025 में दर्ज एफआईआर से संबंधित कार्यवाही को रद करने से इन्कार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर दुष्कर्म का मामला नहीं बनता कि शादी का वादा पूरा नहीं हुआ। कोर्ट ने टिप्पणी की, तथ्य स्पष्ट रूप से इशारा करते हैं कि यह आपसी सहमति से बने संबंधों के कड़वाहट में बदलने का मामला है। ऐसे मामलों में पक्षों को संयम बरतना चाहिए था और अपने व्यक्तिगत रिश्तों के विवाद में राज्य (कानूनी मशीनरी) को शामिल करने से बचना चाहिए था। इस मामले के तथ्य काफी चौंकाने वाले थे। शिकायतकर्ता और आरोपित दोनों ही वकील हैं। शिकायतकर्ता एक 33 वर्षीय विवाहित महिला है और एक बच्चे की मां भी है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि जब महिला पहले से ही विवाहित थी और उसका तलाक का मामला लंबित था, तो वह आरोपित के साथ शादी करने के लिए कानूनी रूप से पात्र नहीं थी। कोर्ट ने कहा कि कानून द्विविवाह की अनुमति नहीं देता है। एक वकील होने के नाते, महिला को इस कानूनी स्थिति का पता होना चाहिए था। पीठ ने कहा, यह मानना कठिन है कि शिकायतकर्ता, जो खुद एक वकील है, कानून की इस स्थिति से अनजान थी और उसे शादी के बहाने यौन संबंध बनाने के लिए बरगलाया गया था। कोर्ट ने उन पुराने फैसलों का भी हवाला दिया जिनमें टूटे हुए रिश्तों को आपराधिक रंग देने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई थी। कोर्ट ने कहा कि अदालतों को उन वास्तविक मामलों और उन मामलों के बीच अंतर करना चाहिए जो केवल आपसी विवाद या भविष्य में मन बदलने के कारण दर्ज कराए जाते हैं। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता कोई भोली-भाली महिला नहीं थी जो निर्णय लेने में अक्षम हो। उसे पहले से ही बोझ तले दबी सरकारी मशीनरी को आपराधिक मुकदमों में उलझाने से पहले अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए था।

# सेब का स्वाद इन भारतीय पकवानों को बना देगा और लजीज, बार-बार खाने का करेगा दिल

सेब एक ऐसा फल है, जो स्वाद में बेहतरीन होता है और सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। आमतौर पर लोग सेब का जूस पीते हैं या फिर इसे कच्चा खाते हैं। हालांकि, इसके जरिए आप कई अनोखे और लजीज व्यंजन भी बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 स्वादिष्ट व्यंजनों की रेसिपी बताएंगे, जो सेब से बनती हैं। ये व्यंजन आपके घर में सभी को पसंद आएंगे और झटपट बन जाएंगे।

सेब का रायता

रायता भारतीय खान-पान की एक बेहतरीन साइड डिश है। आमतौर पर यह दही और सब्जियों से बनाया जाता है, लेकिन आप सेब से भी इसे तैयार कर सकते हैं। इसके लिए दही में कद्दूकस किया हुआ सेब मिला दें। इसके बाद इसमें भुना हुआ जीरा पाउडर, नमक और थोड़ा-सा काला नमक डाल दें। इसे अच्छे से मिलाकर ठंडा करें और खाने से पहले इसमें थोड़ा-सा हरा धनिया डालें। यह रायता आपके खाने को एक नया और चटपटा स्वाद देगा।

सेब की चटनी

आपने आम, पुदीने या नारियल की चटनियां तो कई बार बनाई होंगी। हालांकि, इस बार सेब की खट्टी-मीठी चटनी बनाकर परिवार वालों को खिलाएं। इसके लिए सेब को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। इसके बाद इसमें अदरक-लहसुन, हरी मिर्च, नमक और थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर पीस लें। इसे आप चावल, पराठे, रोटी या फिर पकौड़े आदि जैसे किसी भी व्यंजन के साथ खा सकते हैं। इसका खट्टा-मीठा स्वाद आपको जरूर पसंद आएगा।

सेब का पुलाव

पुलाव तो सभी के घरों में बनता है, लेकिन अगर इसमें सेब का जायका जुड़ जाए तो मजा दोगुना हो जाता है। इसके लिए बासमती चावल को धोकर भिगो दें।

इसी दौरान कढ़ाई में घी गर्म करके उसमें जीरा, तेजपत्ता और लौंग डालें। अब प्याज और अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें, फिर इसमें कद्दूकस किया हुआ सेब मिलाएं और मसाले डालें। इसके बाद चावल और पानी डालकर पकाएं। यह पुलाव न केवल स्वादिष्ट होगा, बल्कि सेहतमंद भी होगा।

सेब की सब्जी

रोजाना एक ही तरह की सब्जियां खा-खा कर ऊब गए हैं तो सेब की सब्जी बना लें। इसके लिए प्याज और टमाटर का पेस्ट बनाकर तेल में भूनें। इसके बाद इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालकर पका लें।

अब मसाले डालकर पानी मिलाएं और उबाल आ जाने दें। इसके बाद इसमें कटे हुए सेब डालकर पका लें। थोड़ी देर पकाने के बाद इसमें नारियल का दूध मिलाएं। इसे आप रोटी या चावल के साथ खा सकते हैं।


सेब का हलवा



हलवा आम तौर पर सूजी या गाजर का बनता है, लेकिन सेब का हलवा भी लजीज होता है। इसके लिए कद्दूकस किए हुए सेब को घी में अच्छी तरह भून लें। इसके बाद इसमें दूध डालकर कुछ देर पकाएं। जब दूध आधा हो जाए तो उसमें चीनी मिलाएं और अच्छे से भूनें। इसके बाद इसमें इलायची पाउडर डालें और गैस बंद करें। इसे गाढ़ा होने तक ढकें और मेवे डालकर परोसें।

## हर महिला के पास होने चाहिए ये 5 तरह की लेगिंग, हर मौके पर आएंगी काम

लेगिंग आजकल की महिलाओं के लिए एक जरूरी फैशन आइटम बन गई हैं। ये न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि सही तरह से पहनने पर स्टाइलिश भी लगती हैं। बाजार में अलग-अलग प्रकार की लेगिंग उपलब्ध हैं, जिन्हें आप मौकों के हिसाब से पहन सकती हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको 5 तरह की लेगिंग के बारे में बताने वाले हैं, जो हर महिला के पास होनी चाहिए और जिनसे वे हर मौके पर स्टाइलिश दिख सकती हैं। रोजमर्रा की लेगिंग दैनिक उपयोग के लिए सबसे अच्छी रहती हैं। ये लेगिंग सूती कपड़े से बनी होती हैं और इनमें खिंचाव भी होता है, जिससे इन्हें पहनना बहुत आरामदायक लगता है। आप इन्हें टी-शर्ट या कुर्ते के साथ पहन सकती हैं। ये लेगिंग घर से बाहर जाने या दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकती हैं। इनका रंग और डिजाइन भी आप अपनी पसंद के अनुसार चुन सकती हैं। कसरत वाली लेगिंग एक्सरसाइज करने के लिए बनाई जाती हैं। इनमें अधिक खिंचाव होता है और ये पसीना सोखने वाली होती हैं, जिससे आपकी एक्सरसाइज का अनुभव बेहतर हो सकता है। इन लेगिंग की खासियत यह है कि ये जल्दी से सूख जाती हैं और लंबे समय तक अच्छी गुणवत्ता में रहती हैं। आप इन्हें जिम या घर पर योग या एक्सरसाइज करते समय पहन सकती हैं। अच्छे ब्रांड वाली लेगिंग में निवेश करें, ताकि वे जल्दी खराब न हों। ऑफिस के लिए लेगिंग कामकाजी माहौल के लिए उपयुक्त होती हैं। इनमें अधिक फिटिंग होती है और ये अधिक पेशेवर लुक दे सकती हैं। आप इन्हें ब्लाउज या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। इन लेगिंग की खासियत यह है कि ये आपको एक साफ-सुथरा लुक देती हैं, जिसे ऑफिस या किसी औपचारिक कार्यक्रम में पहना जा सकता है। ऑफिस के लिए आपको काली, गहरी नीली या सफेद लेगिंग लेनी चाहिए। पार्टी वाली लेगिंग खासतौर पर त्योहारों या किसी विशेष अवसर पर पहनी जा सकती हैं। इनमें चमकदार तत्व एलजीई हो सकते हैं, जैसे चमकीले रत्न या ग्लिटर। ये आपको पार्टी में अलग दिखा सकती हैं और खास लुक दे सकती हैं।



आप इन्हें चोली या किसी स्टाइलिश टॉप के साथ पेयर कर सकती हैं। इन लेगिंग की खासियत यह है कि ये कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल की जा सकती हैं और आराम से भी समझौता नहीं करना पड़ता है। ये लेगिंग आप लंबी यात्रा करते समय पहन सकती हैं। इनमें आमतौर पर एक पट्टा लगा होता है, जो कमर पर फिट रहता है और इनमें जेब भी होती हैं। इन जेबों में आप छोटी-मोटी चीजें रख सकती हैं, जो यात्रा के दौरान काम आती हैं। इन लेगिंग की खासियत यह है कि ये पूरी तरह से आरामदायक अनुभव देती हैं, चाहे आप कितनी भी देर तक इन्हें पहने रहें।

# आलिया भट्ट ने दृश्यम 2 निर्देशक अभिषेक पाठक से मिलाया हाथ, होगा बड़ा धमाका



अभिनेत्री आलिया भट्ट आगामी फिल्म एल्फा को लेकर चर्चा में हैं जो इसी साल रिलीज होगी। खबर है कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म के लिए कमर कस ली है। अभिनेत्री एक हाई-वोल्टेज ड्रामा प्रोजेक्ट का हिस्सा बन रही हैं, जिसके लिए उन्होंने निर्देशक अभिषेक पाठक से हाथ मिलाया है। इस फिल्म का शीर्षक हाउसवाइफ होगा और आलिया को एक विवाहित महिला का किरदार निभाते देखा जाएगा। बता दें, अभिषेक ने अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 का निर्देशन किया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाउसवाइफ नाम वाली इस फिल्म की कहानी एक विवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमेगी जिसमें आलिया एक गृहणी के किरदार में होंगी। फिल्म में मुख्य पुरुष किरदार के लिए राजकुमार राव से बातचीत चल रही है। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी दिलचस्प तो दिखाई है, लेकिन अभी तक कोई कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है। अगर राजकुमार हामी भरते हैं, तो पहली बार फिल्मी पर्दे पर आलिया और राजकुमार की जोड़ी दिखाई देगी।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि आलिया हाउसवाइफ में सिर्फ अभिनय नहीं करेंगी, बल्कि अपनी कंपनी एटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंस और पैनोरमा स्टूडियोज के सहयोग से सह-निर्माता भी होंगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त या सितंबर, 2026 के बीच शुरू होने की संभावना है। तब तक निर्देशक दृश्यम 3 की शूटिंग पूरी कर लेंगे जिसके जरिए अजय की दमदार वापसी होगी। फिलहाल, आलिया लव एंड वार में व्यस्त चल रही हैं, जिसमें उनके साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी हैं।

## मोनालिसा की फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर का पहला लुक आया सामने

महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक साधारण सी लड़की अचानक चर्चा का केंद्र बन गई थी नाम था मोनालिसा। माला बेचते हुए उनकी सादगी और खूबसूरती ने लोगों का ध्यान खींचा और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए। कैमरों और रील्स के बीच खड़ी मोनालिसा की जिंदगी ने यहीं से एक नया मोड़ ले लिया। महाकुंभ के दौरान फिल्ममेकर सनोज मिश्रा की नज़र मोनालिसा पर पड़ी। उनकी सादगी और मासूमियत ने डायरेक्टर को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने मोनालिसा को अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया। यहीं से मोनालिसा का सफर मेले से फिल्मों की दुनिया की ओर बढ़ा। अब मोनालिसा अपनी पहली बड़ी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता अमित राव के साथ नजर आएंगी, जो राजकुमार राव के भाई हैं। फिल्म के पूरा होने के साथ ही मोनालिसा का आत्मविश्वास भी साफ तौर पर झलकने लगा है। महाकुंभ के लगभग एक साल बाद मोनालिसा एक बार फिर प्रयागराज लौट रही हैं। इस बार वह माघ मेले में माला बेचने के लिए नहीं, बल्कि एक उभरती हुई बॉलीवुड अभिनेत्री के रूप में पहुंचेंगी। उनके लिए यह वापसी भावनात्मक भी है और ऐतिहासिक भी। सनोज मिश्रा, जो 'गांधीगीरी' और 'शशांक' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब अपनी पूरी टीम के साथ माघ मेले में शामिल होने जा रहे हैं।



## योगी दा में बिना किसी बॉडी डबल के सभी स्टंट मैंने खुद किए-साई धनशिका

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री साई धनशिका अपनी अपकमिंग फिल्म योगी दा की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। साई फिल्म में एक्शन करती नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि फिल्म योगी दा में सभी स्टंट खुद किए हैं।उन्होंने बताया कि बिना किसी बॉडी डबल के एक्शन सीन पूरे किए महिलाएं चाहें तो पुरुषों जितने शानदार स्टंट कर सकती हैं।

एक इवेंट में साई धनशिका ने बताया, मैंने पहली बार पेरानमाई में एक्शन किया था और वह अनुभव आज भी मेरी मदद करता है। योगी दा में हर स्टंट सीन मैंने खुद किए हैं, बिना किसी बॉडी डबल के। अगर महिलाएं मन बना लें, तो वे पुरुषों की तरह ही अच्छे स्टंट कर सकती हैं।उन्होंने फिल्म के संदेश पर जोर देते हुए कहा, आज महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं।

समाज अक्सर सोचता है कि एक बार अगर कोई महिला शारीरिक रूप से घायल हो जाए, तो वह फिर कभी खड़ी नहीं हो सकती। लेकिन योगी दा दिखाती है कि वह इससे उबर सकती है और मजबूत होकर वापस आ सकती है। हमने यह फिल्म महिलाओं के लिए, उनकी पूरी क्षमता दिखाने के लिए बनाई है।साई धनशिका ने फिल्म के टाइटल की रोचक कहानी भी साझा की।

उन्होंने कहा कि योगी दा का नाम सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कबाली से प्रेरित है। मैंने कबाली में रजनीकांत सर की बेटी का किरदार निभाया था, जिसका नाम योगी था। इसी से योगी दा की शुरुआत हुई। हमने कबाली के लुक और एक्शन स्टाइल में समानताएं देखीं, इसलिए यह नाम चुना। कबाली के लिए मैंने असल में अपने बाल कटवाए थे, लेकिन इस फिल्म के लिए विग का इस्तेमाल किया। कबाली के बाद कई महिलाओं ने मेरे किरदार से प्रेरित होकर बाल कटवाए थे। तब मुझे एहसास हुआ कि एक फिल्म लोगों पर कितना गहरा असर डाल सकती है।एक्ट्रेस ने अपनी पूरी टीम को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा, मेरी पूरी टीम को बहुत-बहुत शुक्रिया। यह आप सबके बिना संभव नहीं होता। मैं मानती हूं कि ज्यादा बोलने से बेहतर है कि काम बात करे, जो मेहनत फिल्मों में दिखती है। योगी दा एक एक्शन एंटरटेनर है, जिसे गौतम कृष्णा ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म का निर्माण श्री मोनिका सिनी फिल्म्स के बैनर तले सेंथिलकुमार ने किया है। एक्शन से भरपूर फिल्म में साई धनशिका लीड रोल में हैं। यह फिल्म 6 फरवरी को रिलीज होने वाली है।

## धुरंधर 2 और टॉक्सिक से डरी पेड्डी? अब 30 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी राम चरण की फिल्म



तेलुगु सुपरस्टार राम चरण के फैंस के लिए गुड न्यूज हैं. राम चरण की आगामी एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा पेड्डी की नई रिलीज डेट आ गई है. मेकर्स ने फिल्म के नए पोस्ट के साथ नई रिलीज डेट से पर्दा हटाया है. फिल्म की रिलीज डेट को अप्रैल तक टाल दिया गया है.डायरेक्टर बुची बाबू सना की बेसब्री से इंतजार की जा रही फिल्म पेड्डी के मेकर्स ने बुधवार को अनाउंस किया कि यह जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर फिल्म अब इस साल अप्रैल में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. मेकर्स ने आगामी फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए बताया कि यह फिल्म अब 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. वहीं, राम चरण ने भी पेड्डी की नई रिलीज डेट के बारे में जानकारी देने के लिए अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है और कैप्शन मे लिखा है, पेड्डी आपसे 30 अप्रैल, 2026 को मिलेंगी. याद दिला दें कि फिल्म के मेकर्स ने पहले अनाउंस किया था कि फिल्म इस साल 27 मार्च को रिलीज होगी. लेकिन अब यह 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. मार्च में बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्में रिलीज हो रही हैं, जिनमें से दो बड़ी फिल्में लोगों का ध्यान खींच रही है- पहली रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 और एक्टर यश की टॉक्सिक. ये दोनों फिल्म 19 मार्च को सिनेमाघरों में एक-दूसरे को टक्कर देने उतरेगी. माना जा रहा है कि इन दोनों फिल्मों के टकराव से बचने के लिए मेकर्स ने पेड्डी की डेट आगे बढ़ाने का फैसला किए होंगे.

## सू- दोकू क्र.307

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 306 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## शब्द सामर्थ्य -307

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 306 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## लव स्टोरी फिल्म मुसाफिर कैफे से करेंगे धमाका

नेशनल अवॉर्ड विजेता अभिनेता विक्रांत मैसी, जो अपनी शानदार एक्टिंग और कंटेंट-फुल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब अपनी क्रिएटिव जर्नी में नया कदम रख रहे हैं. वह अपनी आने वाली फिल्म मुसाफिर कैफे के साथ प्रोड्यूसर बन रहे हैं. अपनी पीढ़ी के बेहतरीन एक्टर्स में गिने जाने वाले मैसी हमेशा ऐसी कहानियां चुनते हैं जो भावनात्मक, सामाजिक और इंसानी हों, इसलिए प्रोडक्शन में कदम रखना उनके लिए बिलकुल नेचुरल है. मुसाफिर कैफे के साथ विक्रांत मैसी कहानी के हर पहलू में खुद को और करीब से जोड़ना चाहते हैं और ऐसी कहानियों को सामने लाना चाहते हैं जो ईमानदार, जमीन से जुड़ी और असली जिंदगी के अनुभवों पर आधारित हों. यह रोमांटिक ड्रामा दिव्या प्रकाश दुबे के उपन्यास पर आधारित है, जो इसकी कहानी और भावनाओं को और मजबूत बनाता है.

# शुरू होगी अंजनहिल माइंस, प्रशासन ने करायी जनसुनवाई

## स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी जताया समर्थन

**एमसीबी/चिरमिरी।** अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दक्षिण-पूर्वी चिरमिरी कोलफील्ड क्षेत्र में प्रस्तावित अंजन हिल कोयला खदान परियोजना के लिये जनसुनवाई गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। यह परियोजना कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी मेसर्स साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चिरमिरी क्षेत्र अंतर्गत आती है और लगभग 388.261 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित है।

प्रस्तावित कोयला उत्खनन को लेकर जनसुनवाई 5 फरवरी को ग्राम भुकभुकी जनपद पंचायत खंडगवां में आयोजित की गई। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल सिदार, पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण अधिकारी शैलेश कुमार पिसदा, अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र सारथी, स्थानीय सीएसपी दीपिका मिंज, एसईसीएल के महाप्रबंधक अशोक कुमार एवं सब-एरिया मैनेजर मनीष सिंह सहित जिला व क्षेत्रीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने परियोजना के प्रति समर्थन व्यक्त किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रिया मेश्राम ने कहा कि क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से खदान का खुलना स्वागतयोग्य कदम है। कार्यक्रम में महापौर चिरमिरी राम नरेश राय, नगर निगम चिरमिरी के सभापति संतोष सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती गायत्री बिरहा तथा वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत



शुक्ला भी मौजूद रहे। जनसुनवाई प्रक्रिया नामित अधिकारियों एवं वैधानिक प्राधिकरणों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता एवं नियामक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न कराई गई। जनसुनवाई के दौरान कुछ स्थानीय नागरिकों द्वारा निजी भूमि अधिग्रहण को लेकर आशंका व्यक्त की गई जिस पर एसईसीएल के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने स्पष्ट किया कि परियोजना के लिए किसी भी निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि खनन गतिविधियां केवल आवंटित लीज क्षेत्र के भीतर, सभी वैधानिक नियमों के अनुरूप ही की जायेगी। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड स्थानीय समुदायों के समग्र विकास एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन, सुरक्षा उपाय एवं जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा साथ ही हालिया सामुदायिक विकास कार्यों जैसे हुडी जैकेट, स्कूल बैग तथा डेस्क-बेंच का वितरण का उल्लेख किया गया जो शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी के अनुसार परियोजना के संचालन से क्षेत्र में आजीविका के नये अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी जबकि जिम्मेदार और सतत खनन प्रथाओं का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। परियोजना से किसी प्रकार के विस्थापन, पुनर्वास या अतिक्रमण का कोई मुद्दा नहीं है और ना ही वनों, जल स्रोतों या वन्यजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका जताई गई है। यह भी स्पष्ट किया गया कि परियोजना क्षेत्र में कोई ग्राम पंचायत सम्मिलित नहीं है अत: आसपास के गांवों पर नकारात्मक प्रभाव की पहचान नहीं की गई है। इस विकास पर प्रतिक्रिया देते हुए स्थानीय व्यापार प्रतिनिधि ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा की यह परियोजना क्षेत्र के लिये एक महत्वपूर्ण विकास अवसर है। पर्यावरणीय सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण के अनुरूप जिम्मेदार खनन से ना केवल स्थानीय आजीविका को बल मिलेगा बल्कि चिरमिरी के व्यापारिक ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। सफल जनसुनवाई के बाद अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड अब वैधानिक एवं नियामक स्वीकृतियों के अनुरूप परियोजना के अगले चरणों की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी और क्षेत्र में समावेशी, जिम्मेदार और सतत विकास के लिये स्थानीय हितधारकों के साथ निरंतर सहयोग करती रहेगी।



# बैकुंठपुर में राधा-कृष्ण प्रेम बाग मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

**कोरिया/बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में राधा-कृष्ण प्रेमाबाग मंदिर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। धार्मिक वातावरण में निकली यह कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर परिसर में संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। कलश यात्रा राधा-कृष्ण प्रेम बाग मंदिर से प्रारंभ होकर जनपद तिराहा, फव्वारा चौक, कुमार साहब चौक तथा ईसीसीएल तिराहा होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करती हुई पुन: मंदिर परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की जयकारे लगाते चल रहे थे। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं की लंबी कतारें आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर पूर्ण नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, पार्षद साधना जायसवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को सुदृढ़ करने वाला बताया। कलश यात्रा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा पूरे मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल की तैनाती के कारण यातायात और सुरक्षा व्यवस्था सुचारू बनी रही, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी सद्भाव, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

# वन उत्पाद आधारित उद्यमों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



## प्रशिक्षण से मिलेगी व्यवसाय में मदद- रेविका उपाध्याय

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के अधीन रैम्प योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के मार्गदर्शन में तथा च्वाइस कंसल्टेंसी के तकनीकी सहयोग से कोरिया जिले में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस (एमएफपी) सेक्टर के अंतर्गत शहद, तेंदूपत्ता एवं महुआ आधारित उद्यमों के लिए सेक्टर-स्पेसिफिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य वन उत्पादों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों, संग्राहकों एवं लघु उद्यमियों को उन्नत प्रसंस्करण तकनीक, गुणवत्ता मानक, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, लागत निर्धारण तथा बाजार से जोड़ने संबंधी जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को वन उत्पादों को व्यावसायिक स्वरूप देकर औपचारिक एवं संस्थागत बाजारों तक पहुँच बनाने के तरीकों पर विशेष मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन मास्टर ट्रेनर रेविका उपाध्याय द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ उद्यम विस्तार, आय वृद्धि एवं स्वरोजगार के नए अवसरों की जानकारी दी। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे अपने व्यवसाय के विकास में सहायक बताया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन की आजीविका संवर्धन नीति के अंतर्गत स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्यमों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



# 10 दिनों में पीएम किसान एग्रीस्टेक पंजीयन पूर्ण करने का लक्ष्य

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत एग्रीस्टेक पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों का उन्मुखीकरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले में कुल 33,447 कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर सक्रिय पंजीयन किया जाना है। इनमें से अब तक 23,274 किसानों का पंजीयन पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कृषकों का पंजीयन कार्य पूर्ण किया जाना है। बैठक में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा पंजीयन के दौरान आने वाली समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अपर कलेक्टर सुरेंद्र वैद्य ने कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ करें तथा अपने-अपने क्षेत्रों में ग्रामीणों से समन्वय बनाए रखें, ताकि पंजीयन कार्य में किसी प्रकार की समस्या न आए। अपर कलेक्टर ने सभी को 10 दिवस के अंदर पंजीयन कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर अमित कुमार गुप्ता, सहायक संचालक कृषि विभाग, जिले के समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, क्षेत्रीय पटवारी एवं ग्राम पंचायत सचिव एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 1278 परिवारों को मिलेगा पक्का घर

**एमसीबी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एमसीबी जिले के शहरी क्षेत्रों में बेघर, आवासहीन एवं कच्चे मकानों में रहने वाले पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा पहल तेज कर दी गई है। जिले के सभी नगरीय निकायों के जन प्रतिनिधियों से पात्र हितग्राहियों के आवेदन शीघ्र मंगाने का आग्रह किया गया है, ताकि योजना की आवेदन प्रक्रिया को और गति दी जा सके। भारत सरकार द्वारा एमसीबी जिले को कुल 1278 आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिससे सैकड़ों परिवारों के पक्के घर का सपना साकार होगा।

# बालिकाओं में स्वास्थ्य एवं कैंसर रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**एमसीबी।** जिले में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बालिकाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं कैंसर की रोकथाम विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालनालय महिला एवं बाल विकास छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत 01 से 10 फरवरी 2026 तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज 03 फरवरी 2026 को शासकीय हाई स्कूल भल्लौर में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला सशक्तिकरण केंद्र के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा इसके कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को बताया गया कि संतुलित आहार, समय पर भोजन, पर्याप्त पानी का सेवन एवं नियमित दिनचर्या अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। कैंसर से बचाव के लिए नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

# घुघरा में बंदोबस्त त्रुटि सुधार के लिए प्रशासन ने लगाया शिविर



**कोरिया बैकुंठपुर।** ग्राम घुघरा में बंदोबस्त त्रुटि सुधार के उद्देश्य से आज कैम्प कोर्ट का आयोजन किया गया। आयोजित कैम्प कोर्ट में विभिन्न शिविरों के माध्यम से प्राप्त कुल 98 आवेदनों में से 25 आवेदनों की सुनवाई की गई। सुनवाई की प्रक्रिया आवेदकों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिससे पारदर्शिता बनी रही। कैम्प कोर्ट के माध्यम से ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित भूमि संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रयास किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने आवेदनों की गंभीरता से जांच करते हुए संबंधित पक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उपयोगी बताया।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**रायपुर।** जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र में आज ट्रेन से गिरने के कारण आडिशा के एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अभनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक रेलवे की परीक्षा देने ओडिशा से रायपुर आया था। गोलाबंध नुआपाड़ा ओडिशा निवासी जय राम मांझी, पिता कोखसरिया मांझी, उम्र 21 वर्ष 4 फरवरी 2026 को रायपुर रेलवे स्टेशन से शाम करीब 4 बजे रायपुर से अभनपुर जाने के लिए ट्रेन का टिकट लेकर रवाना हुआ।

# योग से मिला स्वास्थ्य का संकल्प: जूनापारा के तलवापारा में लोगों ने किया योगाभ्यास

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, संचालनालय आयुष तथा जिला आयुष अधिकारी कोरिया के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत जूनापारा के मोहल्ला तलवापारा में आयोजित नि:शुल्क पाँच दिवसीय योग शिविर का 05 फरवरी 26 को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह योग शिविर प्रतिदिन प्रात: 07:00 बजे से 08:00 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पद्मासन, पवनमुक्तासन, शलभासन, धनुरासन, शवासन, सूर्य नमस्कार एवं मकरासन का



अभ्यास कराया गया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी, उज्जायी, शीतली, शीतकारी, नाड़ी शोधन एवं दीर्घ श्वसन प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ, सकारात्मक एवं तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाई गई। योग शिविर का संचालन प्रशिक्षित योग शिक्षक कृष्णा राजवाड़े, सरिता एवं रीमा राजवाड़े के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी श्री मिश्रा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। योग अभ्यास के पश्चात प्रतिभागियों को आयुर्वेदिक अवधारणा के अनुरूप चना एवं गुड़ का हेल्दी नाश्ता भी प्रदान किया गया। योग शिविर के लाभार्थी एवं शिक्षक सुरेंद्र राजवाड़े ने बताया कि इस शिविर से उन्हें अत्यंत लाभ मिला है तथा वे आगे भी योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाए रखेंगे। उन्होंने भविष्य में नियमित सामूहिक योग अभ्यास एवं समय-समय पर प्रशिक्षित योग शिक्षकों को आमंत्रित करने की बात भी कही। इस अवसर पर आयुष अधिकारी श्री मिश्रा एवं जिला संयोजक राजेन्द्र राजवाड़े ने आयोजन को ग्रामीण स्वास्थ्य के लिए एक सराहनीय पहल बताते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन के छात्र छात्राओं का प्रेरणादायी शैक्षणिक भ्रमण

**मनेन्द्रगढ़।** आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन मनेन्द्रगढ़ द्वारा संस्था में अध्ययनरत छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक बहुआयामी शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण ना केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा बल्कि विद्यार्थियों के लिये ज्ञानवर्धन, ऐतिहासिक समझ और प्रकृति से जुड़ाव का भी एक उत्कृष्ट माध्यम बना। 30 जनवरी 2026 को 25 छात्राओं का दल संस्था के संचालक रमेश सोनी, सहसंचालक संजू सोनी तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के नेतृत्व में मनेन्द्रगढ़ से रवाना हुआ। दल ने सर्वप्रथम रेल मार्ग से डोंगरगढ़ की यात्रा की। यहां छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध शक्ति पीठों में से एक मां बमलेश्वरी मंदिर में विधिविधान से पूजा-अर्चना की। धार्मिक आस्था के साथ साथ छात्राओं को मंदिर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी दी गई। डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान छात्र छात्राओं को वहां स्थित अत्यंत प्राचीन बौद्ध स्तूप का भी दर्शन कराया गया। शिक्षकों द्वारा स्तूप के ऐतिहासिक महत्व, बौद्ध संस्कृति और छत्तीसगढ़ में बौद्ध परंपरा की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई जिससे बच्चों में इतिहास के प्रति रुचि बढ़ी। इसके बाद भ्रमण दल बिलासपुर पहुंचा। वहां से बस द्वारा छात्र छात्राएं रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर गईं। मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण के साथ-साथ छात्राओं को रतनपुर के प्राचीन गौरव, कलचुरी कालीन इतिहास और स्थापत्य कला से भी परिचित कराया गया। मां महामाया के दर्शन के बाद दल ने समीप स्थित खुटाघाट डैम का भ्रमण किया जहां प्राकृतिक सौंदर्य के बीच बच्चों ने मनोरंजक और आनंददायक समय बिताया। वापसी यात्रा के दौरान भ्रमण दल कानन पेंडारी पहुंचा। यहां वन विभाग के सहयोग से चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। छात्राओं को विभिन्न वन्य जीवों, पक्षियों एवं जैव विविधता के संरक्षण के विषय में जानकारी दी गई। इस भ्रमण से बच्चों में पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीवों के प्रति संवेदनशीलता विकसित हुई। यह शैक्षणिक भ्रमण 2 फरवरी 2026 को सकुशल संपन्न हुआ। छात्र छात्राओं ने इस यात्रा को रोचक, ज्ञानवर्धक और जीवनभर याद रहने वाला अनुभव बताया। बच्चों ने कहा कि इस भ्रमण से उन्हें किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन से सीखने का अवसर मिला। संस्था के संचालक रमेश सोनी और संजू सोनी ने कहा कि आज की व्यस्त और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा व्यवस्था में ऐसे शैक्षणिक भ्रमण अत्यंत आवश्यक हैं। इससे बच्चों के मानसिक विकास, सामाजिक व्यवहार, अनुशासन, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होती है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

# रोजगार दिवस के साथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनेगा आवास दिवस

## बीवीजीरामजी योजना के आईइसी गतिविधियों का भी आयोजन करने के निर्देश

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रत्येक वंचित परिवार को पक्के आवास का अधिकार देने वाली प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने हेतु आवश्यक मदद करने के उद्देश्य से रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस भी मनाया जाएगा। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा 7 फरवरी को रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस मनाए जाने के विस्तृत निर्देश प्रसारित किए गए हैं।

शासन के निर्देशों के अनुक्रम में दिनांक 7 फरवरी को चावल महोत्सव के साथ 'रोजगार दिवस' और 'आवास दिवस' का आयोजन जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। इसमें हितग्राही एवं स्थानीय पंचायत पदाधिकारियों और ग्रामीण जन प्रतिनिधियों की भी सहभागिता होगी। इस आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर कोरिया द्वारा रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस मनाए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके पीछे शासन की मंशा है कि प्रत्येक आवास हितग्राही को उसकी आवश्यकता का आंकलन कर जरूरत के संसाधन जल्द उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए सभी आवास हितग्राहियों को रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस में शामिल कर उनके आवास निर्माण की प्रगति पर चर्चा कर निर्माण हेतु आवश्यक संसाधन जुटाने में मदद की जाएगी। समस्याओं के निराकरण की पहल, जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस मनाए जाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर तकनीकी स्टाफ की आवश्यक बैठक कर महात्मा गांधी नरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित तकनीकी विषयों को चिन्हांकित करते हुए उनके निराकरण की कार्यवाही करने के निर्देश सभी जनपद पंचायतों को प्रदान कर दिए गए हैं। जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि उक्त आयोजन के पूर्व दोनों योजनाओं के सभी तकनीकी विषयों का ग्राम पंचायत और विकासखंड पर भलीभांति निराकरण सुनिश्चित हो जाए। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि आगामी आवास दिवस के अवसर पर नवीन स्वीकृत आवास हितग्राहियों के परिवारो के लिए आवास के समस्त स्वीकृत कार्यों में कार्य प्रारंभ करवाते हुए नियमानुसार शत प्रतिशत मस्टर रोल्स जारी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके सभी आवास की लंबित किश्तों और महात्मा गांधी नरेगा मजदूरी भुगतान से संबंधित आनलाइन कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। कोरिया जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत ग्रामीण पंजीकृत श्रमिको को मिलने वाली सभी सहूलियतों, अधिकारों और योजना की विस्तृत जानकारी भी आवास दिवस के अंतर्गत प्रदान की जाएगी। इसके लिए साप्ताहिक गतिविधियां तय की गई हैं। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यक तैयारी करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# किसानों के लिए कुछ राहत दी सरकार ने

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन की समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के जीवन में स्थायित्व, भरोसा और आत्मसम्मान का मजबूत आधार बन चुकी है। शासन की संवेदनशीलता और समय पर लिए गए निर्णयों ने अनेक किसानों को राहत दी है। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है धमतरी जिले के ग्राम कोलीयारी निवासी किसान सन्तू सोनकर की। सन्तू सोनकर के पास कुल 1 एकड़ 20 डिसमिल कृषि भूमि है, जिसमें उन्होंने धान की फसल बोई थी। फसल अच्छी हुई, लेकिन समय पर टोकन नहीं कट पाने के कारण वे निर्धारित अवधि में उपार्जन केंद्र पर धान विक्रय नहीं कर सके।

# कोयला चोरों पर चरचा पुलिस का शिकंजा, नौ आरोपी गिरफ्तार

**चरचा कॉलरी।** कोरिया पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री सुरेशा चौबे एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत जिले में अवैध कारोबार, जुआ-सट्टा, मादक पदार्थ, शराब एवं कोयला चोरी के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना चरचा क्षेत्र में कोयला चोरी पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की है।थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना स्टाफ द्वारा विशेष अभियान चलाकर शिवपुर-चरचा क्षेत्र से कोयला चोरी में संलिप्त आरोपियों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में सुरेश सिंह (तलवापारा जूनापारा), राजेश कुमार (बनखेतापारा बिशुनपुर), उमेन्द्र सिंह (जूनापारा),संतलाल राजवाड़े (तलवापारा जूनापारा), संजय राजवाड़े (जूनापारा), शंकर सिंह (बनखेतापारा),हेमंत (भट्ठीपारा बिशुनपुर),शिवलाल (तलवापारा) तथा शिवराम



सूर्यवंशी (शिवपुर चरचा) शामिल हैं।न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने पर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में पुलिसकर्मी आर. सागर लाल, प्रदीप श्याम, राजेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, जयसिंह, साकेश प्रकाश एवं सैनिक रविदास का विशेष योगदान रहा।

विदित हो कि थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत चरचा कालरी की बेल्ट लाइन से लगातार कोयला चोरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। पूर्व में भी चर्चा थाना प्रभारी प्रमोद पांडे के द्वारा अवैध कोयला ले जा रहे ट्रैक्टर, पिकअप एवं कार को जब्त कर कार्रवाई की जा चुकी है।

सूत्रों के अनुसार शिवपुर, फूलपुर एवं टीना दफाई क्षेत्र में कोयला चोरी से जुड़े गिरोह सक्रिय हैं, नगर पालिका शिवपुर चर्चा के टीना दफाई क्षेत्र में काफी संख्या में महिलाएं भी कोयले के सब काले धंधे में शामिल है यह महिलाएं चर्चा वेस्ट कॉलरी व बेल्ट लाइन के बैंकर से प्रतिदिन कोयला लाती है चोरी का ये कोयला रात के अंधेरे में पिकअप वाहनों से बाहर भेजे जाने की जानकारी सामने आई है।स्थानीय स्तर पर सक्रिय कोयला माफिया एवं उनके संरक्षणकर्ताओं जो छोटे भैया नेता है उन पर सख्त कार्रवाई की मांग भी उठ रही है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि अवैध कोयला कारोबार से जुड़े पूरे नेटवर्क पर लगातार निगरानी रखते हुए आगे भी कठोर कदम उठाए जाए।

# हस्ताक्षर की चाह के साथ कोरबा ने बनाया स्वच्छता महासंकल्प का विश्व रिकार्ड



**कोरबा।** आखिरकार कोरबा ने उस रिकार्ड को प्राप्त करने के लिए पूरी जी-जान लगा दी जिसके लिए एक पखवाड़ा से जागरूकता का वातावरण बनाया जा रहा था। स्वच्छता महासंकल्प 2026 का विश्व रिकार्ड कोरबा के नाम करने लोगों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया और 6 फरवरी की तारीख को अलग पहचान दी। महाराणा प्रताप नगर उद्यान में 280 मीटर लंबे बैनर में हस्ताक्षर करने के लिए यहां-वहां से लोग इस कदर उमड़े की जगह कम पड़ गई। लोगों ने यहां शपथ ली।

नगर निगम की सोच से यह योजना बनी और इसे अंजाम तक भी पहुंचाया। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह काम संपन्न कराया गया। न केवल नगर निगम बल्कि प्रशासन का तंत्र और जन प्रतिनिधि इस अभियान को लोकव्यापी बनाने के लिए प्रयत्नशील थे। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली टीम के साथ सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और पर्यावरण को लेकर प्रतिबद्ध संगठनों से जुड़े लोगों ने ऑडियो, वीडियो संदेश से सोशल मीडिया पर अभियान को व्यापकता दी। इसके सार्थक नतीजे सामने आए। स्थिति यह रही कि स्वच्छता महासंकल्प 2026 की सफलता के लिए 10 हजार से अधिक लोगों ने अपनी उपस्थिति मौके पर दर्ज कराई। उन्होंने 70 सेक्टर और कई जोन में बंटे हिस्से में पहुंचकर महासंकल्प के लिए हस्ताक्षर किया और इस अभियान के साक्षी बने। केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, मेयर संजूदेवी राजपूत, कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित अन्य अधिकारी, कार्पोरेट कंपनियों के अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थाओं और अन्य संगठनों के लिए सेवाएं देने वाले आम नागरिकों ने अपने हस्ताक्षर से संकल्प पूरा किया।

### और समयसीमा में तोड़ा पिथौरागढ़ का रिकॉर्ड

स्वच्छता महासंकल्प के साथ कोरबा ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जो 7500 हस्ताक्षर का था। कोरबा में निर्धारित समयसीमा के भीतर 10 हजार लोगों ने एक स्थान पर पहुंचकर हस्ताक्षर किए और गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड में अपने दावे को मजबूती दी। समय पर यह काम होने से आयोजकों के चेहरे खुशी से चमक उठे।

### जबरदस्त उत्साह दिखा

स्वच्छता महासंकल्प को लेकर पावरसिटी में फरवरी के प्रथम सप्ताह जबरदस्त उत्साह दिखा। कॉलोनियों, कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं से लेकर श्रम इलाकों के लोग हर हाल में इस अभियान से जुड़कर यह दिखाना चाह रहे थे कि वे अपने शहर को यश देने के लिए क्या कुछ कर सकते हैं। उन्होंने जब से अभियान के बारे में सुना था तब से प्लानिंग थी कि सब काम छोड़कर एमपी नगर उद्यान जाना ही है।

### अच्छे संकल्पों के लिए सोच जरूरी : पुष्पेंद्र



युवा कारोबारी पुष्पेंद्र गुप्ता ने इस अभियान की सफलता पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि शहर हो चाहे गांव, जब भी उनके लिए कुछ अच्छा होता है और अच्छे संकल्प होते हैं तो मायने यह होते हैं कि सोच किसकी कैसी है। मानसिक स्तर भी इससे झलकता है और सपनों को ऊंचाई देना संभव होता है।

# वनों की सुरक्षा के लिए जगा जन सहभागिता का जज्बा

### रतखंडी में हुआ भव्य अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

**कोरबा।** वनमंडलाधिकारी के निर्देशानुसार गत 3 फरवरी को वनमंडल कटघोरा अंतर्गत वन परिक्षेत्र चैतमा के सबसे ज्यादा अग्नि घटना से प्रभावित परिसर रतखंडी में अग्नि सुरक्षा का प्रथम कार्यशाला संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्रामवासियों, फायर वाचरों तथा वन प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं आसपास के नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इसे जागरूकता का सशक्त मंच बना दिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, विधायक प्रतिनिधि कुलदीप सिंह मरकाम, वन समिति सभापति पाली विजय प्रभात कंवर, जनपद सदस्य अंशुल सिंह कंवर, दिलीप कंवर, सत्यनारायण पैकरा एवं ग्राम पंचायत रतखंडी की सरपंच श्रीमती गीता बाई पोर्ते सहित अनेक जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महिलाओं द्वारा पारंपरिक नृत्य के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया व कार्यक्रम स्थल तक ससम्मान लाया गया। तत्पश्चात् दीप प्रज्ज्वलित कर छत्तीसगढ़ महतारी के वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि श्री मरकाम ने अपने उद्‌बोधन में वनों के संरक्षण में सहयोग हेतु वन प्रबंधन समिति को महत्वपूर्ण बताया व वनों के महत्व, न रहने से होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। वन मंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत द्वारा अपने उद्बोधन में गर्मी के दिनों में वनों में लगने वाली आग के संबंध में बताया कि जंगल से महुआ फूल, साल बीज एवं अन्य उपज इकट्ठा करने के लिए पेड़ के नीचे एवं आसपास आग न लगाएं। जंगल में खाना पकाकर या आग तापकर जलती आग न छोड़ें। वनों के निकट खेतों में कभी भी आग लगाकर न छोड़े। तेंदूपत्ता की पैदावार बढ़ाने के लिए आग न लगाएं, जंगल में आ देखते ही बुझा दें। आग ज्यादा फैलने पर नियंत्रण करना कठिन हो जाता है। आग लगने पर नजदीक के डिप्टी रेंजर परिक्षेत्र अधिकारी, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सरपंच को तुरंत सूचित करें। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल, जंगल, जमीन हमारे पूर्वज की निशानी हैं। जंगल में हमारे देवी-देवता बसते हैं। जंगल में अवैध कटाई, पेड़ों की गडनिंग न करें व वनों एवं वहां रहने वाले वन्य जीवों की सुरक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्कूल छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, गायन, नाटक के माध्यम से वनों के महत्व एवं वन अग्नि से होने वाले क्षति के संबंध में प्रस्तुति दिया गया। कला जत्था टीम के कलाकारों द्वारा अग्नि सुरक्षा पर प्रस्तुति दिया गया। स्कूल छात्र-छात्राओं को वन मंडलाधिकारी की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के द्वारा वनों की सुरक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन का शपथ लिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी चैतमा द्वारा ग्राम रतखंडी में अग्नि सुरक्षा के संबंध में किए गए कार्यक्रम से अग्नि सीजन में अग्नि दुर्घटना कम होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कार्यक्रम स्थल पर ही मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, वन मंडलाधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा चैतमा परिक्षेत्र के सभी 17 बीटों के फायर वाचरों को फायर किट के रूप में टी शर्ट, पानी बॉटल, टॉर्च, गमछा, जूता प्रदाय किया गया तथा वन अधिकारियों द्वारा सभी को फायर फायटर मशीन से अग्नि पर नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में उप वनमंडलाधिकारी पाली, वन परिक्षेत्राधिकारी चैतमा तथा चैतमा वन परिक्षेत्र के समस्त वन कर्मचारी, वन प्रबंधक समिति अध्यक्ष, सदस्य, फायर वाचर व अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सप्तदेव मंदिर में हिंदू संगठनों की बैठक में कई चुनौतियों पर मंथन



**कोरबा।** सीतामढ़ी रोड स्थित सप्तदेव मंदिर में हिंदू संगठनों की बैठक आयोजित की गई। हिंदू नव वर्ष पर आयोजन और समाज से जुड़ी कई चुनौतियों के बारे में यहां चर्चा हुई। इस बात पर जोर दिया गया कि संगठन की शक्ति से ही समस्याओं से निपटना संभव होगा।

सप्तदेव मंदिर के सभागार में यह बैठक रखी गई, जिसमें कोरबा शहर और उपनगर क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। उनके द्वारा यहां हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर विचार मंथन किया गया। कई प्रकार के सुझाव प्रतिनिधियों ने दिए, जिन्हें कार्यवाही में शामिल किया गया। नारायणी सेना के प्रमुख अरविंद अग्रवाल ने बताया कि हिंदू नव वर्ष पर सभी लोग अपनी बेहतर भूमिका कैसे निभाएं, इसका विचार किया गया है। विभिन्न मसलों पर लोगों को कहा गया कि उन्हें अपना दायित्व तय करना होगा। सत्यदेव मंदिर के न्यासी अशोक मोदी ने कहा कि समरसता और एकता आज की बड़ी जरूरत है। विविध संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन विषयों पर गंभीरता से बात हुई है। आगे इसके हिसाब से काम करने का निर्णय लिया गया। बैठक के समापन से पहले सभी ने संगठन हित को बढ़ावा देने का संकल्प लिया और यह भी सुनिश्चित किया गया कोरबा जिले से संबंधित सामाजिक और धार्मिक मसलों के समाधान के लिए वह हमेशा तैयार रहेंगे।

## मिट्टी के ढेर से फिसली कार, दो की मौत

**कोरबा।** भारतमाला परियोजना में पिछली रात एक फोर व्हीलर गाड़ी कि दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। मृतकों में एनएसयूआई का राष्ट्रीय संयोजक राहुल राय है। जानकारी मिली की फोर व्हीलर में सवार होकर यह चारों बालको नगर के नजदीक बेलाकछार जा रहे थे, जहां पर उन्हें एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होना था। उरगा थाना क्षेत्र के नजदीक भारतमाला परियोजना की सड़क से गुजरने के दौरान इनका फोर व्हीलर मिट्टी के ढेर के संपर्क में आने के साथ ही फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताएंगे कि घटना में राहुल राय और उसके एक साथी ढालू अग्रवाल की मौत हो गई जबकि भोला और उसका एक साथी जख्मी हो गया। डायल 112 और हाईवे पेट्रोलिंग को इस बारे में सूचना मिलने के बाद संबंधितों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। दुर्घटना की खबर से संबंधित लोगों के परिजन और शुभचिंतक सक्ते में आ गए। पुलिस ने कहा है कि यह मामला लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का है इसलिए संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

## मदनपुर पहुंचा हाथियों का झुंड

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के पसरखेत रेंज अंतर्गत केराकछार के जंगल में लगभग एक सप्ताह तक विचरण करने के बाद 15 हाथियों का दल बीती रात रेंज के मदनपुर क्षेत्र में पहुंच गया है। हाथियों ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाया और पांच ग्रामीणों के खेतों व बाड़ी में घुसकर वहां लगे धान के रबी फसल तथा सब्जी-भाजी को तहस-नहस कर दिया। जिससे संबंधितों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। मदनपुर व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। उधर कुदमुरा रेंज के कलमीटिकरा में विचरण कर रहे दो दंतैल हाथियों ने भी बाड़ी में घुसकर नुकसान पहुंचाया है।

# पद्मश्री भूटिया ने बालको एकेडमी के खिलाड़ियों को सिखाए फुटबॉल के गुर

### खेल तकनीक के साथ अनुशासन पालन पर दिया जोर

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको ) ने कोरबा स्थित अपने खेल अकादमी में पूर्व भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान तथा अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं पद्म श्री से सम्मानित बाइचुंग भूटिया की मेज़बानी की। इस अवसर पर बाइचुंग भूटिया ने खेल अकादमी के 100 से अधिक युवा खिलाड़ियों को रोल मॉडल, स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग और हाई-परफॉर्मेंस खेलों के तकनीक से अवगत कराया साथ ही अनुशासन व निरंतरता की अहमियत पर बल दिया।

बालको ने 2024 में फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल व तैराकी में युवा प्रतिभाओं को तराशने के लिए एक रिहाइशी और डे बोर्डिंग स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर के तौर पर खेल अकादमी शुरु की थी। इस अकादमी को कोरबा म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, कोरबा तथा बालको के बीच एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के ज़रिए शुरू किया गया था, जो युवाओं के विकास के लिए विविध पक्षों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, एनआईएस-प्रमाणित कोच, स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट, फिजियोथेरेपी व मेडिकल केयर, और दिन में छह संतुलित आहार देने वाले एक स्ट्रक्चर्ड न्यूट्रिशन प्रोग्राम से लैस, यह अकादमी अभी कोरबा, दुर्ग, बिलासपुर और रायपुर के 100 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रही है। बहुत कम समय में, यह एक बड़ा प्रशिक्षण केंद्र बन गया है, जहां युवा एथलीट राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर बाइचुंग भूटिया का स्वागत, आशुतोष पांडे (आयुक्त, नगर निगम, कोरबा), दीनू पटेल (जिला खेल अधिकारी), और विनय मिश्रा (अपर आयुक्त) के साथ-साथ बालको के वरिष्ठ प्रबंधन ने किया।

युवा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए, बाइचुंग भूटिया ने कहा, 'यह देखना बहुत उत्साहजनक है कि खेल अकादमी में ज़मीनी स्तर पर खेलों के विकास पर ज़ोर दिया जा रहा है, और इसके लिए अच्छी क्वालिटी का इंफ्रास्ट्रक्चर एवं स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग मुहैया कराए जा रहे हैं। मैं हर प्रतिभवान खिलाड़ी से कहूंगा कि आप जिस जगह से आते हैं वो कितनी बड़ी या छोटी है उससे आपके सपनों का आकार तय नहीं होता। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कई लोगों ने छोटे शहरों से अपनी यात्रा शुरु की, वे अनुशासन, हिम्मत और विश्वास के दम पर आगे बढ़े, अपने हालात की वजह से वे रुके नहीं। अब आपके पास पेशेवर मार्गदर्शन और सुविधाएं हैं, आगे क्या होता है यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कितनी मेहनत करते हैं और कितना विश्वास करते हैं।''

खेल अकादमी में 17 साल की फुटबॉल प्रशिक्षु सुगंधित लकड़ा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, ''बाईचुंग सर से मिलना हम सभी के लिए बहुत प्रेरक था। अकादमी के अलावा, बालको सामुदायिक विकास के विविध प्रयास करती है, जिसमें विभिन्न समुदायों में बैडमिंटन, हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल और वॉलीबॉल संबंधी सामान वाली स्पोर्ट्स किट बांटकर ज़मीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना शामिल है।




### संपूर्ण विकास का हिस्सा है खेल : सीईओ राजेश

बालको के सीईओ और डायरेक्टर, राजेश कुमार ने कहा, '' बालको में, हम खेलों को संपूर्ण विकास का एक ज़रूरी हिस्सा मानते हैं। खेल अकादमी में जैसा स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग का परिवेश है वह युवा एथलीटों को सही मार्गदर्शन व दिशा देते हुए परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। बच्चें और युवा बड़े सपने देखने पर ध्यान दें; और इस तरह के प्लैटफॉर्म उन उम्मीदों को अवसरों में बदलने में सहायता करते हैं। बाइचुंग भूटिया जैसे काबिल खिलाड़ियों के साथ बातचीत इस विज़न को और मज़बूत करती है, यह दिखाकर कि समर्पण और लगन से उच्चतम स्तर पर क्या हासिल किया जा सकता है।''

### आयुक्त ने कहा-युवाओं को मिलती है दिशा

एक्सपोज़र के महत्व पर ज़ोर देते हुए, आशुतोष पांडे ने कहा, ''खेल युवाओं की ऊर्जा को मकसद और अनुशासन में लगाने का एक मज़बूत माध्यम है, और ऐसे लोगों का चरित्र बनाने का काम करता है जो समाज में अच्छा योगदान देते हैं। खेल अकादमी में इस दौरे के ज़रिए, हमारा उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को जागरुक और मज़बूत बनाना है, जिससे उनका संपूर्ण विकास हो सके।''

## तहसीलदार की पदस्थापना की, अधिकांश समय गुजर रहा एसईसीएल क्षेत्र में, काम अटके

### कई वकीलों ने अब तक नहीं देखा अधिकारी को

**कोरबा।** हरदी बाजार के तहसील कार्यालय में राज भानू की पदस्थापना तहसीलदार के रूप में की गई है। इसके बावजूद भी न तो पक्षकारों के काम हो पा रहे हैं और न ही वकीलों के। एसईसीएल से संबंधित कामकाजों को निपटाने के लिए अधिकारी का ज्यादा समय बगल के क्षेत्र में गुजर रहा है। इस चक्कर में दूसरे काम लटक रहे हैं। यहा पर आने वाले वकीलों और लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

कोरबा जिला के हरदी बाजार तहसील कार्यालय इस इरादे से खोला गया ताकि लोगों को राहत हो और वकीलों को भी काम करने का अच्छा मौका मिले। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदानों के विस्तार के कारण प्रशासन की पहली प्राथमिकता यहां से जुड़े कामकाज को निपताने की है। दूसरे काम पूरक हो गए है। स्थिति ऐसी है कि हरदी बाजार के तहसील कार्यालय में अधिकारियों की उपस्थिति लगभग शून्य हो गई है या अगर होती भी है तो इसका कोई मतलब निकलता नहीं। पेशी पर आई एक महिला ने बताया कि वह कई घंटे से बैठी है लेकिन उसे नहीं लगता कि उसका काम हो भी। कुछ अधिवक्ता ने बताया कि अधिकारियों की अनुपस्थिति के चक्कर में किसी प्रकार के काम इस कार्यालय में लंबे समय से नहीं हो पा रहे हैं। अभिजीत राजभानु की पदस्थापना जरूर यहां पर की गई है लेकिन उन्हें प्रशासन ने साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपका के काम में फंसा कर रख दिया है। अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष चंद्रकांता राठौर ने बताया कि तहसीलदार का शेड्यूल तय नहीं है कई बार तो ऐसा होता है अधिकारी जब यहां पहुंचते हैं, तब तक वकील और पक्षकार यहां से जा चुके होते हैं। हरदी बाजार के वकीलों और आम लोगों की मांग है कि अगर प्रशासन को यहां के तहसीलदार से केवल एसईसीएल से संबंधित काम ही करना है तो फिर दूसरे काम के लिए दूसरे अधिकारी की पदस्थापना कर दी जाए। ऐसा होने पर लोगों को राहत मिलेगी और उन्हें बेवजह परेशान नहीं होना पड़ेगा।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com